हरिभूमि
रायपुर भूमि

फोटो : भूपेश जांगड़े
तेलीबांधा, वीआईपी चौक के आगे दोपहर में मार्ग पर पसरा रहा सन्नाटा।

46 डिग्री का टेंप्रेचर, दिन में घर-दफ्तरों से कम ही निकल रहे लोग, शाम होने के बाद राहत

मौसम के दो रंग, सुबह गर्मी से सड़कों पर कर्फ्यू, शाम होते ही ट्रैफिक जाम

पिछले दो दिन से भारी गर्मी की मार झेल रही राजधानी में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। सुबह तेज धूप की वजह से लोग घर-दफ्तर में कैद हो रहे हैं और सड़कों पर वीरानी छा जाती है। शाम होने के बाद लोग शापिंग और घूमने-फिरने बाहर निकल रहे हैं, जिससे उन्हीं सड़कों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है।

हरिभूमि लाइव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में पिछले दो दिन से 46 डिग्री की गर्मी पड़ रही है। इसकी वजह से दोपहर में ग्रीष्मलहर की स्थिति बनी हुई है। बिना सुरक्षा तेज धूप में घूमने से स्वास्थ्य बिगड़ने का खतरा है, जिसकी वजह से लोग जोखिम उठाने से बच रहे हैं। दिन का काम-काज घर और दफ्तरों में बैठकर पूरा किया जा रहा है और बहुत जरूरी होने पर ही लोग निकल रहे हैं। सामान्य दिनों में ज्यादा वाहनों का ▶▶| शेष पेज 13 पर

रात में शुष्कता अधिक

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार राजधानी रायपुर समेत आसपास के इलाकों में दिन की तुलना में रात्रि के वक्त हवा में शुष्कता की मात्रा अधिक है। इसकी वजह से देर रात तक गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। शहर में दिन का तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है, वहीं रात का पारा चार डिग्री ज्यादा हो चुका है। अभी दो दिन तक यहां ले का अलर्ट रहेगा। रायपुर में इतनी तेज गर्मी वाली स्थिति चार साल बाद ही निर्मित हुई है।

मानसून आने पर ही पूरी राहत

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दो जून को नवतपा भले ही समाप्त हो जाएगा, मगर शहर के लोगों को तेज गर्मी से राहत के लिए मानसून के सक्रिय होने का इंतजार करना पड़ेगा। जून के पहले और दूसरे सप्ताह में भारी गर्मी रहने के आसार हैं। आंकड़ों के अनुसार शहर का सबसे अधिक 47.2 डिग्री तापमान 8 जून 1995, वर्ष 2007 में कुल मासिक वर्षा 649.3 मिमी. तथा चौबीस घंटे में 297 मिमी. बारिश 21 जून 2007 को दर्ज हुई थी।

खबर संक्षेप

सूर्यकांत को ईओडब्लू रिमांड पर लेगी

रायपुर। माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद सूर्यकांत तिवारी को ईओडब्लू रिमांड पर लेगी। तिवारी को रिमांड पर लेने ईओडब्लू ने कोर्ट में आवेदन पेश किया था। ईओडब्लू के आवेदन पर कोर्ट से प्रोटक्शन वारंट हासिल कर सूर्यकांत को आज ईओडब्लू की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद पूर्व आईएएस रानू साहू तथा राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया को ईओडब्लू के अफसर रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रहे हैं।

गांजा डिलिवरी देने आया गांजा तस्कर गिरफ्तार

रायपुर। कोतवाली थाने की पुलिस ने ओडिशा के एक गांजा तस्कर को

गिरफ्तार कर पांच किलो गांजा जब्त किया है। तस्कर रायपुर में किसी को गांजा की डिलीवरी देने के लिए आया था। पुलिस के मुताबिक कालाहांडी निवासी चीरंजीवी नायक को पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार चीरंजीवी डिलीवरी देने अपनी कार में गांजा लेकर आया था, जिसे पचपेड़ी नाका पुजारी पार्क के पास पकड़ा है।

विभिन्न शहरों की फ्लाइट में रोज 80, बसों में 70 फीसदी यात्री

ट्रेनें 20 घंटे से ज्यादा लेट, फिर भी पैक, बस और फ्लाइट की यात्रा में भी हीटवेव बाधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

भले ही छत्तीसगढ़ तेज गर्मी की चपेट में हो, मगर छुट्टियों में घूमने-फिरने वालों पर इसका कोई खास असर नहीं हो रहा है। ट्रेनों की तरह रायपुर से उड़ान भरने वाली फ्लाइट और संचालित होने वाली बसों में भी 70 से 80 फीसदी यात्री रोजाना सफर कर रहे हैं। यात्रियों की आवाजाही जून के पहले पखवाड़े तक इसी तरह रहने की संभावना है।

भले ही लंबी दूरी की ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों विलंब से चल रही हैं, इसके बाद भी उनमें कन्फर्म बर्थ के लिए मारामारी की स्थिति बनी हुई है। रेल प्रशासन यात्रियों की भीड़ को देखते हुए नियमित के अलावा 52 विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है। इसी तरह रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइटों में भी रोज 70 से 80 फीसदी यात्री सफर कर रहे हैं। अपने पसंदीदा स्थल तक जाने के लिए उन्हें बड़े एयरपोर्ट वाले शहरों तक की यात्री पूरी ▶▶| शेष पेज 13 पर

यात्रियों की भीड़, नियमित के अलावा चल रही 52 विशेष ट्रेन

लोकल बस खाली

तेज गर्मी की वजह से लोकल स्तर पर चलने वाली बसें खाली हैं। कसार ट्रैवल्स के संचालक सोनू कसार के मुताबिक आसपास के शहरों की बस में यात्री कम होने की वजह से कई बार दौरा रद्द करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के अध्यक्ष सैयद अनवर अली के अनुसार रायपुर से जगदलपुर, हैदराबाद, पूना, ओडिशा, प्रयागराज, बनारस, इंदौर सहित विभिन्न शहरों के लिए छूटने वाली बसों में काफी संख्या में यात्री हैं।

रोजाना तीन हजार यात्री

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से प्रतिदिन विभिन्न शहरों के लिए बीस उड़ानें संचालित हो रही हैं। सभी एयरक्राफ्ट मिलाकर लगभग 34 सौ सीट होती हैं, जिसमें औसतन तीन हजार यात्री प्रतिदिन दूसरे शहरों को जा रहे हैं और 28-29 सौ यात्री दूसरे शहरों से वापस आ रहे हैं। छुट्टियां खत्म होने का समय नजदीक आने की वजह से वापस शहर आने वालों की संख्या भी बढ़ने लगी है।

ट्रेनों में अतिरिक्त कोच

यात्रियों की संख्या के कारण रेल प्रशासन ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चला रहा है, इसके बाद भी

यात्रियों की संख्या अधिक है। नियमित ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट लंबी होने की वजह के बाद भी गर्मी में होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए इन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की व्यवस्था भी की जा रही है। इसी दौर में हावड़ा-पुणे और हावड़ा-सीएसएमटी दुरंतो एक्सप्रेस में एक-एक फेरे में अतिरिक्त एसी-3 कोच की व्यवस्था की गई है।

इधर, ऐसी समस्या भी

20-22 घंटे लेट चल रहीं ट्रेन

रायपुर/बिलासपुर। गर्मी के दिनों में ट्रेन की लेटलतीफी यात्रियों को रुला रही है। ट्रेनों का घंटों लेट और छूटना, फिर आउटर में खड़ा कर देने से यात्री परेशान हो रहे हैं। आउटर में न पानी नसीब होता है और न ही खाना मिलता है। इन सब परेशानियों से रेलवे को शायद कोई सरोकार नहीं है। बीते दिनों ट्रेन की लेटलतीफी को लेकर यात्रियों ने काफी आक्रोश जताया था मगर उनकी एक नहीं सुनी गई। हावड़ा, मुंबई, ▶▶| शेष पेज 13 पर

पुरी समर स्पेशल 25 आजाद हिंद 21 घंटे लेट

जोन से गुजरने वाली सभी ट्रेनें लेट चल रही है। बुधवार को पुरी समर स्पेशल 24 घंटे 42 मिनट लेट रही, इसके साथ ही आजाद हिन्द एक्सप्रेस भी 21 घंटे 23 मिनट देर से पहुंची। वहीं दुरंतो 6 घंटे 23 मिनट, शालीमार 3 घंटे 45 मिनट और साउथ बिहार 3.40 मिनट देर से पहुंची। ट्रेन के इंतजार में यात्री घंटे प्लेटफार्म में बैठे रहे। इस दौरान गर्मी से उनका बुरा हाल रहा।

ढेबर परिवार की मुश्किलें बढ़ीं

साथियों सहित अनवर के खिलाफ चोरी, मारपीट का अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए अनवर ढेबर तथा उसके बेटे के खिलाफ पुरानी बस्ती तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में अपराध दर्ज किया गया है। अनवर ढेबर तथा उसके साथियों के खिलाफ घर में बलात प्रवेश कर तोड़फोड़ करने तथा चोरी करने का अपराध दर्ज किया गया है। अनवर के बेटा के खिलाफ सिविल लाइंस थाना में शराब घोटाला के सरकारी गवाह को धमकाने के साथ छेड़खानी का अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। पुलिस के मुताबिक ▶▶| शेष पेज 13 पर

कर्मी के साथ सरकारी गवाह ने दर्ज कराई रिपोर्ट

सिविल लाइंस थाना में अनवर ढेबर के बेटा शोएब ढेबर तथा उसके तीन अन्य साथियों के खिलाफ ढेबर के होटल में काम करने वाली एक युवती तथा शराब घोटाला के सरकारी गवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती ने शोएब ढेबर तथा उसके साथियों के खिलाफ साइबर स्टॉकिंग, छेड़छाड़ तथा मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सरकारी गवाह ने पीछा करने के साथ धमकी देने तथा उगाही करने की शिकायत दर्ज कराई है।

बाप के साथ दोनों बेटे और वकील के खिलाफ अपराध दर्ज

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शराब घोटाला मामले में सरकारी गवाह को धमकाने के आरोप में पुलिस ने अनवर ढेबर के साथ शोएब सहित उसका छोटा भाई जुनैद तथा अज्ञात वकील के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इसकी पुष्टि एएसपी सिटी लखन पटले ने की है। छेड़खानी मामले में पुलिस ने युवती का धारा 164 के तहत कलमबंद बयान दर्ज किया है।

सेहत दांव पर, अब पुराने चैंबर करेंगे बंद

खारुन में रोज जा रहा गटर का लाखों लीटर गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की लाइफ लाइन कहे जाने वाली खारुन नदी को गटर से निकला गंदा पानी दूषित कर रहा है। खारुन पैलेस के पास पीएचई का पुराना चैंबर फूटने से लाखों लीटर गटर का पानी खारुन नदी में सीधे जा रहा है। इससे आम जनता की सेहत दांव पर लगी हुई है। हरिभूमि में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद अमृत मिशन के अधिकारी बुधवार को पीएचई के अधिकारियों के साथ स्पॉट पर पहुंचे और उन्होंने महादेवघाट पुल के पास खारुन से गुजरने वाली सीवरेज लाइन लीकेज की पड़ताल की। जांच के दौरान यह पता चला कि पीएचई के पुराने जर्जर चैंबर से गटर का गंदा पानी खारुन में तेज प्रवाह के साथ मिल रहा है। इस पुराने चैंबर को अब बंद कराया जायेगा। राजधानी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के 17 बड़े नाला-नालियों का गंदा पानी खारुन में सीधे गिरने से बचाने नगर निगम ने अमृत मिशन के तहत कारा और चंदनीडीह में करोड़ों रुपए खर्च कर गंदे पानी को शुद्ध करने सीवरेज ट्रीटमेंट का निर्माण कराया है, ताकि जीवनदायिनी खारुन नदी को साफ रखा जा सके। चिंगरी नाला से ▶▶| शेष पेज 13 पर

खास बातें

- लीकेज पड़ताल करने पहुंचे अधिकारी, डेड पड़े जर्जर चैंबर को करेंगे बंद
- पीएचई की पुरानी लाइन वाला चैंबर का सालों से नहीं हो रहा उपयोग
- चंदनीडीह के एसटीपी प्लांट तक गटर का पानी ले जाने ऊपर से गई है पाइप लाइन

गंदे पानी की पाइपलाइन लीक, खारुन हो रही मैली, रेटिंग बिगड़ी, सेहत के लिए खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर और आसपास के लोगों के लिए खबर परेशान करने वाली है कि खारुन नदी का पानी तेजी से प्रदूषित हो रहा है। यह प्रदूषण पहले प्राथमिकता श्रेणी पांच पर था, अब वह श्री दो में पहुंच गया है। इसका मतलब यही है नदी में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। यह बात ल मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में सामने आई है। अब नदी के पास वाले क्षेत्र के तीन नगरीय निकायों से कहा गया है कि नदी में हो रहा प्रदूषण रोकने के लिए उसमें उद्योगों का जो गंदा पानी मिल रहा है, उसे जाने से रोकें। कहा जा रहा है कि एसटीपी की पाइपलाइन में लीकेज होने की वजह से सिवरेज का पानी नदी में मिल रहा है।

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने इस मामले को लेकर नगर निगम रायपुर, बीरगांव, और नगर ▶▶| शेष पेज 13 पर

अब निकायों को दिए ये निर्देश

संचालकालय ने संबंधित तीन नगरीय निकायों के प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने नियंत्रण क्षेत्र के अंतर्गत उद्योगों का नियोजन करते हुए ऐसे उद्योग जो अपने परिसर से बाहर अपशिष्ट जल का निर्माण करते हैं, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। यही, ऐसा कर रहे उद्योगों को सूची छोटी खाजा रहित संचालनालय तथा छत्तीसगढ़ प्रदूषण नियंत्रण मंडल को भेजें।

महीनों से फाल्ट, अब तक दुरुस्त नहीं

सूत्रों के मुताबिक चिंगरी नाला से महादेवघाट के पुल के पास नदी से गुजरी सीवरेज की पाइप लाइन में महीनों से तेज प्रवाह के साथ गटर का गंदा पानी खारुन नदी में मिल रहा है। इसकी शिकायत वार्ड पार्षद बीरेन्द्र देवांगन ने जोन 8 के कमिश्नर अरुण ध्रुव सहित निगम मुख्यालय के अधिकारियों से भी की। इसके बाद स्पॉट पर आकर सीवरेज का गंदा पानी फूटने वाली जगह की पड़ताल नहीं की गई। मंगलवार को अमृत मिशन के अधिकारियों ने इसकी वस्तुस्थिति जानने स्थल निरीक्षण किया, तो पता चला कि खारुन में सीवरेज का गंदा पानी पीएचई की पुराने पाइप लाइन फूटने के कारण बहकर जा रहा है। इसके बाद बुधवार को पीएचई के अधिकारियों के साथ जब लीकेज की जांच की, तो पुराना चैंबर से सीवरेज का ▶▶| शेष पेज 13 पर

वीआईपी रोड के नाले में अवैध पक्का निर्माण, दलबल के साथ पहुंचा तोड़दस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वीआईपी रोड स्थित हॉटल बेबीलॉन के पीछे बड़े नाले में अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण करने वाले के खिलाफ नगर निगम अमले ने अभियान चलाया। तोड़फोड़ होता देख कब्जाधारी ने निगम के अधिकारियों से अपने खुद के व्यय और संसाधन से 3 दिन के भीतर कब्जा हटाने की मोहलत मांगी। उसके लिखित अनुरोध पर निगम की टीम ने आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर संबंधित कब्जाधारी को कब्जा हटाने 3 दिन का समय दिया है। तय समय सीमा पर कब्जा नहीं हटाने की स्थिति में जोन 9 अमला अवैध कब्जा तोड़ देगा। नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के विद्याचरण शुक्ल वार्ड स्थित वीआईपी रोड में हॉटल बेबीलॉन के पीछे बड़े नाले पर अवैध कब्जा कर किया गया पक्का निर्माण हटाने बुधवार को निगम की टीम पहुंची। अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व और निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के साथ जोन कमिश्नर संतोष पांडे की मौजूदगी में पुलिस बल के साथ पहुंची टीम ने नाले पर अवैध कब्जा कर बनाई गई दीवार और किचन शेड को जेसीबी मशीन से हटाने की कार्रवाई शुरू की। तोड़फोड़ होते देख कब्जाधारी ने स्वतः नाले का कब्जा अपने खुद के व्यय एवं ▶▶| शेष पेज 13 पर

- कब्जाधारी ने स्वत: के व्यय से कब्जा तोड़ने 3 दिन की मांगी मोहलत

नए सिस्टम में लग रहा कम समय फिर भी रजिस्ट्री औसतन 150 से कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पंजीयक दफ्तरों में रजिस्ट्री पारदर्शी और सरल बनाने के लिए एनजीडीआरएस प्रणाली लागू की गई है। इस प्रणाली के तहत बहुत कम समय में दफ्तरों में रजिस्ट्री हो जाती है, बावजूद पुराने सिस्टम की तुलना में रजिस्ट्रियां कम हो रही हैं। नए सिस्टम आने के बाद रायपुर पंजीयक दफ्तर में प्रतिदिन औसतन 110 से 200 रजिस्ट्री हो पा रही है, जबकि इससे पूर्व यह आकड़ा 300 से 400 के करीब था। इसका कारण नए सिस्टम में अभी भी कुछ खामियां रह गई हैं, जिसके कारण रजिस्ट्री में कहीं न कहीं दिक्कत आ रही है। हालांकि पंजीयक दफ्तर के अधिकारियों का कहना है कि नए सिस्टम में जो भी खामी नजर आती है, उसे तत्काल संज्ञान में लेकर ठीक करा लिया जाता है। रहा सवाल ▶▶| शेष पेज 13 पर

- प्रतिदिन करीब 110 से 200 सौ हो रही रजिस्ट्री

फाल्स अपॉइंटमेंट के कारण हटाया गया सुधार ऑप्शन

एनजीडीआरएस सिस्टम में पहले सुधार का ऑप्शन था, लेकिन इसके कारण फाल्स अपॉइंटमेंट ज्यादा होने लगे थे। अपॉइंटमेंट लेने वाला व्यक्ति दूसरे के नाम पर रजिस्ट्री के लिए दस्तावेज अपलोड कर देता था। इसके कारण यह ऑप्शन हटा दिया गया है।

- मंजूषा मिश्रा, उपपंजीयक रायपुर

अप्रैल में प्रतिदिन 109 रजिस्ट्री हुई

पंजीयन दफ्तर से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल में कुल 3269 रजिस्ट्री हुई है। इस रजिस्ट्री की तुलना में पंजीयन शुल्क 22 करोड़ 74 लाख 31 हजार रुपये एवं स्टाम्प ड्यूटी के रूप में 34 करोड़ 99 लाख 31 हजार रुपये की आय हुई है। इस तरह कुल 57 करोड़ 73 लाख 66 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि एनजीडीआरएस लागू होने से पहले साल के अप्रैल में इससे डेढ़ गुना अधिक रजिस्ट्री हुई थी।

मई में औसतन 200 रजिस्ट्री हो रही

अप्रैल की तुलना में मई में रजिस्ट्री बढ़ी है। औसतन प्रतिदिन 2 सौ रजिस्ट्री हो रही है, जिससे मई में ज्यादा रजिस्ट्रीयां हुई हैं।

शराब दुकान कर्मी से मारपीट, कर्मियों ने उड़ाए 37 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में संचालित शराब दुकान में मारपीट की घटना के बाद वहां काम करने वाले सुपरवाइजर, सेल्समैन सहित चार लोगों पर मौके का फायदा उठाकर 36 लाख रुपए चोरी करने तथा झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने का आरोप है। कर्मचारियों के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो पार्षदों के खिलाफ मारपीट का अपराध दर्ज किया है। शराब दुकान से नकदी चोरी करने के आरोप में पुलिस ने शराब दुकान में काम करने वाले सेल्समैन, सुपरवाइजर सहित चार लोगों को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर में संचालित ▶▶| शेष पेज 13 पर

आपाधापी का फायदा उठाकर पार किया कैश

पार्षदों ने जिस शराब दुकान कर्मी के साथ मारपीट की, उसके पास शराब दुकान के गल्ले की चाबी थी। मारपीट के बीच मची आपाधापी के दौरान शराब दुकान कर्मी गल्ले की चाबी काउंटर पर भूल गया। इसका फायदा उठाकर शराब दुकान के सेल्समैन तथा सुपरवाइजर ▶▶| शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

खबर संक्षेप

सल्धी तालाब के विकास के लिए हुआ भूमिपूजन

तिल्दा नेवरा। तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सगुनी के सल्धी तालाब में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए भूमि पूजन किया गया।

सगुनी गांव के तालाब में ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे है। जिसके लिए विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर ग्राम सगुनी के दाऊ सुरेंद्र कश्यप, उपसरपंच रजत कश्यप, सरपंच प्रतिनिधि रमेश ध्रुव रोमलाल साहू, बिसौहा साहू, डेरहाराम साहू जवाहरलाल शर्मा, एवं पूर्व सरपंच पुरुषोत्तम निषाद के साथ ही विभिन्न समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने आनंद नगर लाइब्रेरी एवं वाचनालय का किया निरीक्षण

रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बुधवार को आनंद नगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री लाइब्रेरी एवं आनंद समाज वाचनालय ब्राह्मण पारा का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने लाईब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था तथा अन्य उपलब्ध सुविधा की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। आनंद वाचनालय निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वहां अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने ऊपर हॉल का भी निरीक्षण किया और सुविधाओं के विस्तार करने निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा तथा अन्य अधिकारी उपलब्ध थे।

वाराणसी से आज लौटेंगे भूपेश

रायपुर। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का प्रचार कल शाम थमने के बाद हिमाचल और उत्तरप्रदेश के दौरे पर गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को रायपुर लौटेंगे। बताया गया है कि वे 29 को ही लौटने वाले थे। उन्हें वाराणसी में प्रचार के लिए पार्टी ने एक दिन और रुकने कहा, उसके बाद कार्यक्रम बदला। वाराणसी से दोपहर 1 बजे दिल्ली रवाना होंगे। वहां से 5 बजे रवाना होकर वे कल शाम 7.48 बजे रायपुर लौटेंगे।

कलेक्टर ने की बाढ़ से बचाव की तैयारियों की समीक्षा

रायपुर। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह जिले में बाढ़ से बचाव के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कुछ दिनों के भीतर मानसून आने की संभावना है। जिले की सभी तहसीलों और नगर निगम में बाढ़ के संभावित स्थानों को चिन्हित करें तथा सभी एसडीएम अपने राजस्व अमलों के साथ स्वयं तहसीलों का दौरा कर ग्रामीणों से चर्चा कर आप दा राहत की कार्ययोजना बनाएं।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकारगण, जो सभी, स्वर्गीय बी बी सरकार (बिनोद बिहारी सरकार) राजेन्द्र नगर वार्ड, तिल्दा जिला रायपुर छ ग के विधिक उत्तराधिकारी हैं, से अधिकृत एवं निर्देशित होकर उनके बताये अनुसार ही निम्नानुसार आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि मेरे पक्षकारगणों के दादा जी स्वर्गीय बी बी सरकार अपने जीवनकाल में दिनांक 24.01.2001 को पंजीकृत विक्रय पत्र के तहत दुकलहा रावत आत्मज भुनेसर रावत निवासी राजेन्द्र वार्ड क्रमांक 3 तिल्दा, तहसील तिल्दा जिला रायपुर से उनके स्वामित्व, अधिकार व कब्जे की ग्राम तिल्दा, पटवारी हल्का नंबर 7, तहसील तिल्दा जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 687 रकबा 0.440 हेक्टेयर की कृषि भूमि, जिसके उत्तर दिशा में रितीश की भूमि, दक्षिण में दुकाला की भूमि, पूर्व में नीलकंठ की भूमि और पश्चिम में गंगाबाई की भूमि स्थित है, को खरीद कर कब्जा प्राप्त कर खरीदी दिनांक से आज दिनांक तक मेरे पक्षकारगण निंविघ्न कृषि कार्य कर रहे है।

मेरे पक्षकारगणों को विश्वस्त सूत्रों से यह ज्ञात हुवा है कि मेरे पक्षकारगणों के उपरोक्तानुसार वर्णित खसरा नंबर व रकबा की कृषि भूमि को दुकलहा रावत तत्पश्चात उनके विधिक वारिसान छल, कपट, एवं दुर्भावना से अवैधानिक ढंग मेरे पक्षकारगणों को विधिक वारिसानों के हैसियत से प्राप्त उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि खसरा नंबर 687 रकबा 0.440 हेक्टेयर को अभी तक 2 बार हस्तांतरण विलेख निष्पादित कर अपने परिवार के ही मध्य वादग्रस्त कृषि भूमि की अफरा तफरी कर दिये है तथा उक्त भूमि को ही तीसरे बार पुनः छल, कपट पूर्वक अवैधानिक तरीके से हस्तांतरण करने की तैयारी कर रहे है, जबकि वादग्रस्त कृषि भूमि पर मेरे पक्षकारगणों का कब्जा लगातार खरीदी दिनांक से चले आ रहा है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से हर आम व खास व्यक्ति संस्था व निकाय को यह आगाह किया जाता है कि तिल्दा प.ह.नंबर 7 तहसील तिल्दा जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 687 रकबा 0.440 हे की कृषि भूमि को दुकलहा रावत वल्द भूनेसर रावत या उनके विधिक वारिसानो से ना खरीदे अन्यथा उन्हें विधिक स्वत्व अधिकार व कब्जा प्राप्त नही होकर मेरे पक्षकागणों के उपर बंधनकारी नही होगा इसके अतिरिक्त किया गया विक्रय शून्य होगा, क्योकि दुकलहा रावत से मेरे पक्षकार के दादाजी स्वर्गीय दादाजी श्री बी बी सरकार दिनांक 24.01.2001 को पंजीकृत विक्रय पत्र के तहत विक्रय कर चुका है।

रायपुर दिनांकः- 28.05.2024
राकेश मिश्रा (अधिवक्ता)
58/188, ब्राम्हण पारा रायपुर
(छ.ग.) मो. 9926126739

स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर छत्तीसगढ़ी भाषा में पढ़ाई शुरू करने की मांग की

एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन ने की राज्यपाल से मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां

एम ए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपने 8 सूत्रीय मांगो को लेकर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री विष्णुभूषण हरिचंदन से राजभवन जाकर मुलाक़ात किया। छात्र संघ के अध्यक्ष ऋतुराज साहू ने बताया की महामहिम जी को आठ सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौपा गया। जिसमे राज्य के स्कूलों मे अनिवार्य रूप से छत्तीसगढ़ी भाषा की पढ़ाई, प्रशासनिक कार्यों में छत्तीसगढ़ी भाषा का प्रयोग, नयी शिक्षा नीति के तहत विवि और उनसे सम्बन्धित महाविद्यालयों मे स्नातक और स्नाकोत्तर स्तर मे छत्तीसगढ़ी भाषा में पढ़ाई, छत्तीसगढ़ी भाषा में रोज़गार, त्रिभाषा फार्मूला मे तहत प्रदेश की राजभाषा छत्तीसगढ़ी मे पढ़ाई, सभी सरकारी कार्यालयों मे छत्तीसगढ़ी अनुवादक के रूप मे एम ए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारियों की भर्ती, छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग का समस्त जिलों मे विस्तार कर राजभाषा अधिकारी के रूप मे नियुक्ति, विधानसभा मे 16 फ़रवरी को शिक्षा मंत्री द्वारा किए गए घोषणा के तहत एम ए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारियों को शीघ्र रोजगारोन्मुखी पदों की मांगो को लेकर राज्यपाल को अवगत कराया व ज्ञापन सौपा गया. एम ए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के इन मांगो पर राज्यपाल महोदय ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को इस गंभीर मुद्दे को लेकर बात करने की बात कही साथ ही कहा की माँ, मातृभाषा, मातृभूमि का कोई विकल्प नहीं हो सकता छत्तीसगढ़ी अगर प्रदेश मे नहीं पढ़ाई जा रही तो यह बहुत बड़ी विडंबना है।

भाषा को सम्मान मिलेगा

छत्तीसगढ़ राज्य छत्तीसगढ़ी भाषा के वजह से बनाया गया। इस भाषा को अवश्य सम्मान मिलेगा.इस अवसर पर संगठन द्वारा राज्यपाल को छत्तीसगढ़ी पटका और छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति से जुड़े कलाकृति देकर सम्मान भी किया गया.एम ए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन निरंतर राज्य की राजभाषा को लेकर शिक्षा और रोजगार के परिपेक्ष में विभिन्न जन जागरूकता के अभियान चला रही है।

प्रवचन : धर्म की स्थापना और रक्षा के लिए भगवान लेते हैं अवतार

सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं भगवान राम : आचार्य नंदकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

समीपस्थ ग्राम भैंसा (पौंसरी) मे चल रही भागवत कथा के पांचवे दिन भागवत आचार्य श्रद्धेय पंडित नंदकुमार शर्मा जी, निनवा तिल्दा वाले ने ईश्वर के अवतार पर व्याख्या करते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म का बोलबाला होता है, तब तब भगवान का किसी न किसी रूप में अवतार होता है। जिससे असुरों का नाश होता है और अधर्म पर धर्म की विजय। भगवान चारों दिशाओं के कण-कण में विद्यमान हैं। इन्हें प्राप्त करने का मार्ग मात्र सच्चे मन की भक्ति है। उन्होंने कहा कि संस्कारों के बिना कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं है।इंसान की सुंदरता शरीर से नहीं, बल्कि उनके चरित्र और वाणी से होती है! इसीलिए व्यक्ति को अपनी वाणी और चरित्र की सुंदरता पर ध्यान देना चाहिए. किसी भी व्यक्ति में बाहरी सुन्दरता के साथ-साथ आन्तरिक सुन्दरता होना भी आवश्यक है।उन्होने कहा कि मनुष्य की सुंदरता का आकलन उनकी वाणी, विचार और स्वभाव से होता है! किसी भी इंसान को महान बनाने मे उसकी सोच और विचारधारा अधिक महत्त्वपूर्ण होती है, ना कि उसका शरीर! आचार्य शर्मा ने कहा कि नर हो या नारी सभी अपने सांसारिक चित्र को संवारने मे लगे है, चरित्र को संवारने की चिंता किसी को नहीं है! ईश्वर हमारे शरीर की सुंदरता को नहीं देखते, वह तो इंसान की भावना और चरित्र को देखता है! उन्होने कहा कि सुंदर होना कोई बुरी बात नहीं परंतु शरीर सुंदर होने के साथ-साथ हमें एक अच्छा इंसान भी बनना चाहिए। चरित्र अच्छा हो और सीधा-साधा मन हो तो आप सबको जीत सकते है।

- आचरण से जीवन का विकास होता है, सद्गुणों की सदैव पूजा होती है

भगवान से विमुख होना ही पतन का रास्ता

भगवान श्री राम ने कभी भी नियति को बदलने की कोशिश नही की,जो नियति में लिखा हुआ है हमें वह स्वीकार करना चाहिए क्योंकि नियति से कोई भी नही जीत सकता! भगवान राम आदर्श व्यक्तित्व के प्रतीक है । उन्होंने कहा कि मनुष्य संसार में आकर मायारूपी जाल में फंसकर ईश्वर को भूल जाता है और असत्य के मार्ग पर चलकर बुराइयों में फंस जाता है। जिसका परिणाम उसे भुगतान पड़ता है। जीव को मानव जीवन मुश्किल से मिलता है। मानव जीवन में हर व्यक्ति को सत्य के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। सत्य पर चलने वाले प्राणी को मृत्यु के बाद भी समाज याद करता है, असत्य पर चलने वाले का अंत बुरा होता है। उन्होने कहा परिदृश्य अतीत का हो या वर्तमान का, जनमानस ने राम के आदर्शों को खूब समझा-परखा है राम का पूरा जीवन आदर्शों, संघर्षों से भरा पड़ा है। राम सिर्फ एक आदर्श पुत्र ही नहीं, आदर्श पति, भाई और राजा भी थे। जो व्यक्ति संयमित, मर्यादित और संस्कारित जीवन जीता है, निःस्वार्थ भाव से उसी में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों की झलक परिलक्षित हो सकती है। धर्म रक्षा हेतु ईश्वर का अवतार होता है।

कुरुद स्कूल में समर कैम्प का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शासकीय प्राथमिक शाला कुरुद (बराडेरा) में संकुल समन्वयक और प्रधान पाठक के मार्गदर्शन में बड़े ही उत्साह के साथ से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे नृत्य, गायन, वादन, इंडोर खेल शतरंज, कैरम, मिट्टी व कागज के खिलौने बनाना चित्रकला, लेखन इत्यादि विधाओ को प्रभारी शिक्षकों के द्वारा सिखाया जा रहा है। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकायें नियमित रूप से उपस्थिति दे रहे है। चिलचिलाती धूप कला और हुनर को निखरने से रोक नही सकती ये प्रत्यक्ष होते दिख रहा है। सभी शिक्षकों व सम्मिलित बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

समर कैंप से बच्चों में भारी उत्साह

आरंग। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विकासखंड आरंग के विभिन्न विद्यालयों में प्रातः कालीन बेला में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है! इस समर कैंप में विद्यार्थी पत्तियों से चित्रकला, मेहंदी रंगोली कला, पेपर क्राफ्ट वर्क से मुखोटे आकृति बनाना, कहानी वाचन, पुस्तक वाचन, साक्षरता संबंधी गतिविधियां, क्ले आर्ट, सामान्य ज्ञान, कराटे खेल एवं वाद्य यंत्रों में ढोलक, ढपली आदि बजाना तक सीख रहे हैं! विकासखंड शिक्षा अधिकारी निहाली प्रसाद कुर्रे ने बताया कि कार्यक्रम स्वैच्छिक है फिर भी शिक्षकों एवं बच्चों का उत्साह प्रशंसा योग्य है तथा ऐसे ही नवाचारी गतिविधियों से बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि बच्चे जब कोई नई चीज सीख जाते हैं तो उनका उत्साह देखने लायक रहता है और उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा बाहर आने लगती है उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों के द्वारा भी इन गतिविधियों का निरीक्षण कर प्रशंसा की गई है उन्होंने कहा कि कई विद्यालयों में संगीत के माध्यम से भी शिक्षा दी जा दी जा रही है! साथ ही आगामी नए सत्र को देखते हुए समस्त विद्यालयों को स्वच्छता सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए अपडेट होने को निर्देशित किया गया है।

भागवत कथा में शिव विवाह प्रसंग ने किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम कायाबान्धा मे जारी श्रीमद भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पं राकेश तिवारी पलोद ने शिव विवाह की कथा सुनते हुए कहा की भगवान शिव और पार्वती की शादी बड़े ही भव्य तरीके से आयोजित हुई। पार्वती की तरफ से कई सारे उच्च कुलों के राजा-महाराजा और शाही रिश्तेदार इस शादी में शामिल हुए, लेकिन शिव की ओर से कोई रिश्तेदार नहीं था, क्योंकि वे किसी भी परिवार से ताल्लुक नहीं रखते। आइये जानते हैं आगे क्या हुआ...भगवान शिव की शादी में आए हर तरह के प्राणी जब शिव और पार्वती का विवाह होने वाला था, तो एक बड़ी सुंदर घटना हुई। उनकी शादी बहुत ही भव्य पैमाने पर हो रही थी। इससे पहले ऐसी शादी कभी नहीं हुई थी। शिव जो दुनिया के सबसे तेजस्वी प्राणी थे, एक दूसरे प्राणी को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले थे। उनकी शादी में बड़े से बड़े और छोटे से छोटे लोग शामिल हुए। सभी देवता तो वहां मौजूद थे ही, साथ ही असुर भी वहां पहुंचे। आम तौर पर जहां देवता जाते थे, वहां असुर जाने से मना कर देते थे और जहां असुर जाते थे, वहां देवता नहीं जाते थे। श्री तिवारी ने आगे कहा की बारात मे शिव व पशुपति हैं, मतलब सभी जीवों के देवता भी हैं, तो सारे जानवर, कीड़े-मकोड़े और सारे जीव उनकी शादी में उपस्थित हुए। यहां तक कि भूत-पिशाच और विक्षिप्त लोग भी उनके विवाह में मेहमान बन कर पहुंचे।

एक्सप्रेस वे तेलीबांधा में पौधारोपण

रायपुर। राजधानी के तेलीबांधा स्थित एक्सप्रेस वे पौधारोपण सहित सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए सीएसआर मद से हीरा ग्रुप से कार्य कराने निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये। एक्सप्रेस वे तेलीबाँधा के अलावा शंकर नगर, देवेन्द्र नगर, पंडरी क्षेत्र का निरीक्षण निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने हीरा ग्रुप के एम डी दिनेश अग्रवाल, नगर निगम अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा,जोन 3 के जोन कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव के साथ किया।

नौतपा की गर्म हवाओं ने किया हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

इन दिनों देशभर में सूर्य देव जमकर कहर बरपा रहे है। खासकर नवतपा लगते ही देश के विभिन्न भागों में प्रचंड गर्मी पड़ने लगी है। वही छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भी गर्मी अपने चरम पर है। बुधवार दोपहर आरंग में सड़के सुनसान नजर आया। तापमान भी 45/46 से डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा।लोग दोपहर में घरों से निकलना बंद कर दिए है। सड़के सुनसान नजर आया। चौंक चौराहों पर सन्नाटा छाया रहा।गर्मी इतनी तेज पड़ रहा है कि कूलर पंखे भी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। घरों में लगे टंकी का पानी काफी गर्म आने लगा है। दोपहर में पक्षियों का चहचहाहट बिल्कुल भी सुनाई नहीं देता। पालतू पशुए पानी की तलाश में इधर-उधर विचरण करते नजर आ रहे हैं। वही नगर के स्वयं सेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन व रानी पद्मावती महिला संगठन ने लोगों को भयंकर गर्मी में ऐतियात बरतने तथा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने अपील किए है।

मांग के विरुद्ध बीज-खाद का अब तक 53 प्रतिशत भंडारण, वितरण 29 व 35 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरीफ फसलों के लिए जिले के किसानों को बीज और खाद उपलब्ध कराने के लिए भंडारण और वितरण का काम चल रहा है। जिले के 126 सेवा सहकारी समिति में अब तक बीज का 21592.50 क्विंटल भंडारण कर 6340 क्विंटल वितरण किया गया है, जो कि मांग के विरुद्ध 53 प्रतिशत भंडारण एवं 29 प्रतिशत वितरण हुआ है। इसी प्रकार रासायनिक उर्वरक 21415 मीट्रिक टन का भंडारण कर 7563 मेट्रिक टन का वितरण किया गया है, जो लक्ष्य के विरुद्ध भंडारण 53 व वितरण 35 प्रतिशत है।

कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने बुधवार को कृषि से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में कृषि विभाग के अलावा जिला सहकारी बैंक, जिला विपणन अधिकारी, उप पंजीयक सेवा सहकारी समिति के अधिकारी भी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि समितियों में खाद-बीज का अग्रिम उठाव के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने सहकारी समिति में मांग व लक्ष्य के विरुद्ध तत्काल भंडारण करने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक एवं बीज प्रक्रिया प्रभारी को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार एवं कृषि विकास अधिकारी को प्रतिदिन सहकारी समिति एवं ग्रामों का दौरा करने के भी निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप एवं कृषि विभाग के उप संचालक आर. कश्यप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि मानसून आने के पूर्व अधिक से अधिक अग्रिम बीज एवं रासायनिक उर्वरक का उठाव के लिए कलेक्टर ने प्रत्येक विकासखंड में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत सीईओ एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की संयुक्त टीम बनाकर प्रतिदिन 10-10 सहकारी समिति का दौरा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं।

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 24/05/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रोमा अधलखा पिता/पति अनिल अधलखा निवासी टैगोर नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम सिवनी प.ह.नं. 18 राजस्व निरीक्षक मंडल केंद्री स्थित भूमि खसरा नंबर 200, 201/1 शामिल 205/1, 201/2, शामिल 205/2, 201/3 शामिल 205/3 रकबा 0.198, 0.304, 0.077, 0.121 हे. भूमि का न्यायालय तहसीलदार अभनपुर आदेश दिनांक 10/04/2023 के परिपालन में दिनांक 12/06/2024 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया हैं । अतः उक्त सीमांकन/बटांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा /आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन/बटांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 18 के बेन्द्री स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजो सहित स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं । इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा ।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.नं.- केंद्री, अभनपुर (छ.ग.)

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 28/05/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता सिंघानिया बिल्डकान प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री सुबोध सिंघानिया पिता श्री श्यामलाल सिंघानिया, निवासी-रिंग रोड नं. 1, महामाया मंदिर वार्ड, रायपुर, तह. व जिला- रायपुर (छ.ग.) 492001 के आधिपत्य व स्वामित्व की भूमि जो वाके मौजा-भाठागांव, प.ह.नं. 00060, रा.नि.मं. रायपुर- 13- भाठागांव, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित जिसका खसरा नंबर 257/14 रकबा 0.1210 हे., खसरा नंबर 257/23 रकबा 0.0200 हे., खसरा नंबर 257/431 रकबा 0.1210 हे., खसरा नंबर 257/532 रकबा 0.1290 हे., खसरा नंबर 257/564 रकबा 0.0650 हे. कुल खसरा 5 कुल रकबा 0.4560 हे. भूमि को क्रय किए जाने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन किया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं . होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी। अतः सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 28/05/2024 **भवदीय**
सी.एम. नायक (अधिवक्ता)
गायत्री हॉस्पिटल के पीछे तरूण नगर,
डंगनिया रायपुर तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.)
मो. 7987009519

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती अनीता चंद्राकर बेवा स्व. श्री पुनीत कुर्रे निवासी आदर्श नगर मोवा रायपुर समर्पण अस्पताल के पास सड्डु रायपुर (छ.ग.) के हक व हिस्से की शामिलात हक के पैतृक भू- स्वामित्व हक की भूमि जो कि ग्राम-नेऊरडीह तह. धरसीवाँ जिला रायपुर में खसरा नं. 53/2, 55/3, 59/10, 166/24, 166/25, 166/26, 166/27, 185/5, 185/6, 185/7, 59/9, 219/8, 266, 164/2, 166/22 के रूप में अवस्थित है, उसे मेरी पक्षकार के सहमति एवं स्वीकृति के बगैर नियम विरुद्ध एवं निजी स्वार्थवश उनके ही पिताजी /भाईयों महावीर चंद्राकर, जागेश्वर एवं शरद द्वारा दुर्भावनापूर्वक एवं अनाधिकृत रूप से अन्य व्यक्तियों के नाम से भूमि स्वामित्व का अंतरण करने/ किये जाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है जो विधि अनुरूप मान्य नहीं है तथा मेरी पक्षकार द्वारा उक्त उल्लेखित भूमि के स्वामित्व के अनाधिकृत ऐसे सौदे/अंतरण पर न्यायिक संरक्षण हेतु माननीय न्यायालय की शरण में चली गई है।

उक्त भूमि को कोई भी व्यक्तियों/ संस्था/ ट्रस्ट द्वारा क्रय न किया जावे, यदि क्रय किया जाता है तो वह मेरी पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा ऐसे किसी संव्यवहार हेतु मेरी पक्षकार द्वारा कानूनी कार्यवाही की जावेगी अतः सर्व संबंधित सूचना जाने व पालन करें।

रायपुर दिनांकः- 29.05.24
राकेश मिश्रा (अधिवक्ता)
58/188, ब्राम्हण पारा रायपुर (छ.ग.)
मो. 9926126739

मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन

रायपुर। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग संघर्ष समिति छत्तीसगढ़ के सदस्यों ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को संविधान में संशोधन प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है जो देश के सभी राज्यों द्वारा लागू कर दिया गया है किंतु प्रदेश में 2019 से अब तक लागू नहीं किया गया है। इसे छत्तीसगढ़ में भी समान रूप से लागू करने की मांग को लेकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग संघर्ष समिति छत्तीसगढ़ के सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है।

खबर संक्षेप

वाराणसी से आज लौटेंगे भूपेश

रायपुर। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का प्रचार कल शाम थमने के बाद हिमाचल और उत्तरप्रदेश के दौरे पर गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को रायपुर लौटेंगे। बताया गया है कि वे 29 को ही लौटने वाले थे। उन्हें वाराणसी में प्रचार के लिए पार्टी ने एक दिन और रुकने कहा, उसके बाद कार्यक्रम बदला। वाराणसी से दोपहर 1 बजे दिल्ली रवाना होंगे। वहां से 5 बजे रवाना होकर वे कल शाम 7.48 बजे रायपुर लौटेंगे।

कलेक्टर ने की बाढ़ से बचाव की तैयारियों की समीक्षा

रायपुर। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह जिले में बाढ़ से बचाव के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि कुछ दिनों के भीतर मानसून आने की संभावना है। जिले की सभी तहसीलों और नगर निगम में बाढ़ के संभावित स्थानों को चिन्हित करें तथा सभी एसडीएम अपने राजस्व अमलों के साथ स्वयं तहसीलों का दौरा कर ग्रामीणों से चर्चा कर आपदा राहत की कार्ययोजना बनाएं।

एक्सप्रेस वे तेलीबांधा में पौधारोपण

रायपुर। राजधानी के तेलीबांधा स्थित एक्सप्रेस वे पौधारोपण सहित सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए सीएसआर मद से हीरा ग्रुप से कार्य कराने निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये। एक्सप्रेस वे तेलीबाँधा के अलावा शंकर नगर, देवेन्द्र नगर, पंडरी क्षेत्र का निरीक्षण निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने हीरा ग्रुप के एम डी दिनेश अग्रवाल, नगर निगम अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा,जोन 3 के जोन कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव के साथ किया।

आम जनमानस के लिए लगाया वाटर कूलर मशीन

रायपुर। मां बमलेश्वरी सेवा समिति द्वारा जनहित पहल करते हुए दो अलग-अलग स्थान कनेरा कुम्हारी और शंकरनगर वृद्धाश्रम में वाटर कूलर लगाया गया। इन दोनों उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से समाजसेवी ईश्वरचंद्र अग्रवाल एवं ग्राम कनेरा के सरपंच बालाराम पाठक रहे। साथी स्कूल के हेड मास्टर का सहयोग भी प्राप्त हुआ। समिति के सदस्य ने बताया कि समिति द्वारा विगत कई समय से बमलेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में भंडारा एवं आदि सामाजिक कार्य किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में दो वाटर कूलर सभी के सहयोग से प्रदान किया गया, ताकि इस भीषण गर्मी में आम जनमानस को ठंडा पानी उपलब्ध हो सकें। इस कार्यक्रम में समिति के सुरेश अग्रवाल, मनोहर जिंदल, अजय अग्रवाल, प्रेम शर्मा, सुरेश चौधरी आदि सदस्य उपस्थित थे।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकारगण, जो सभी, स्वर्गीय बी बी सरकार (बिनोद बिहारी सरकार) राजेन्द्र नगर वार्ड, तिल्दा जिला रायपुर छ ग के विधिक उत्तराधिकारी हैं, से अधिकृत एवं निर्देशित होकर उनके बताये अनुसार ही निम्नानुसार आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि मेरे पक्षकारगणों के दादा जी स्वर्गीय बी बी सरकार अपने जीवनकाल में दिनांक 24.01.2001 को पंजीकृत विक्रय पत्र के तहत दुकलहा रावत आत्मज भुनेसर रावत निवासी राजेन्द्र वार्ड क्रमांक 3 तिल्दा, तहसील तिल्दा जिला रायपुर से उनके स्वामित्व, अधिकार व कब्जे की ग्राम तिल्दा, पटवारी हल्का नंबर 7, तहसील तिल्दा जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 687 रकबा 0.440 हेक्टेयर की कृषि भूमि, जिसके उत्तर दिशा में रितीश की भूमि, दक्षिण में दुकाला की भूमि, पूर्व में नीलकंठ की भूमि और पश्चिम में गंगाबाई की भूमि स्थित है, को खरीद कर कब्जा प्राप्त कर खरीदी दिनांक से आज दिनांक तक मेरे पक्षकारगण निंविध्न कृषि कार्य कर रहे है।

मेरे पक्षकारगणों को विश्वस्त सूत्रों से यह ज्ञात हुवा है कि मेरे पक्षकारगणों के उपरोक्तानुसार वर्णित खसरा नंबर व रकबा की कृषि भूमि को दुकलहा रावत तत्पश्चात उनके विधिक वारिसान छल, कपट, एवं दुर्भावना से अवैधानिक ढंग मेरे पक्षकारगणों को विधिक वारिसानों के हैसियत से प्राप्त उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि खसरा नंबर 687 रकबा 0.440 हेक्टेयर को अभी तक 2 बार हस्तांतरण विलेख निष्पादित कर अपने परिवार के ही मध्य वादग्रस्त कृषि भूमि की अफरा तफरी कर दिये है तथा उक्त भूमि को ही तीसरे बार पुनः छल, कपट पूर्वक अवैधानिक तरीके से हस्तांतरण करने की तैयारी कर रहे है, जबकि वादग्रस्त कृषि भूमि पर मेरे पक्षकारगणों का कब्जा लगातार खरीदी दिनांक से चले आ रहा है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से हर आम व खास व्यक्ति संस्था व निकाय को यह आगाह किया जाता है कि तिल्दा प.ह.नंबर 7 तहसील तिल्दा जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 687 रकबा 0.440 हे की कृषि भूमि को दुकलहा रावत वल्द भूनेसर रावत या उनके विधिक वारिसानो से ना खरीदे अन्यथा उन्हें विधिक स्वत्व अधिकार व कब्जा प्राप्त नही होकर मेरे पक्षकागणों के उपर बंधनकारी नही होगा इसके अतिरिक्त किया गया विक्रय शून्य होगा, क्योकि दुकलहा रावत से मेरे पक्षकार के दादाजी स्वर्गीय दादाजी श्री बी बी सरकार दिनांक 24.01.2001 को पंजीकृत विक्रय पत्र के तहत विक्रय कर चुका है।

रायपुर दिनांकः- 28.05.2024
राकेश मिश्रा (अधिवक्ता)
58/188, ब्राम्हण पारा रायपुर
(छ.ग.) मो. 9926126739

उपार्जन केंद्रों में 88 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान, मार्कफेड ने कलेक्टर से कहा- एक हफ्ते में उठवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में से 88 हजार 366 मीट्रिक टन धान का उठाव अब तक उपार्जन केंद्रों से नहीं हो सका है। इसका मतलब ये है कि 4 फरवरी तक जो धान सोसाइटियों में खरीदा गया था, वह मई के अंतिम दिन आने तक वहीं जाम है।

यह धान राज्य के 22 जिलों के सैकड़ो उपार्जन केंद्रों में है। इन सभी जिलों के कलेक्टरों से मार्कफेड ने कहा है कि एक हफ्ते में धान का उठाव करें। राज्य में इस खरीफ सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी भी सबसे अधिक हुई है, लेकिन खरीदे गए धान को सोसाइटियों से उठाकर मिलरों और मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों तक भेजने के लिए जो काम करना था, उसमें काफी देर हुई है।

सोसाइटी संचालकों के अनुसार फरवरी मार्च से लेकर मई की भीषण गर्मी में धान सूखा है, इसकी वजह से धान के वजन में कमी आई है। कई जिलों में फरवरी से लेकर अप्रैल तक बेमौसम बारिश की वजह से भी धान प्रभावित हुआ है।

22 जिलों की सोसाइटियों में जाम है धान, 10 हजार मीट्रिक टन जाएगा मार्कफेड संग्रहण केंद्र में

इन जिलों में है 88 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान

राज्य के 33 जिलों में से केवल दस जिले ऐसे हैं जहां की सोसाइटियों से पूरा धान उठाया जा चुका है। बाकि के 22 जिलों में अब तक अलग-अलग मात्रा में धान जमा है। हालांकि धान मिलरों का भी दिया जा रहा है, लेकिन फिर भी पूरा धान नहीं उठाया जा सका है। सरकार की धान उपार्जन नीति में कहा गया है कि खरीदी के 72 घंटों के भीतर धान का परिवहन किया जाना है। इसके बाद महीनों बीत गए हैं, लेकिन इन 22 जिलों की सोसाइटियों में धान का ढेर लगा है। इनमें बस्तर, बीजापुर, कांकेर, कोंडागांव, सुकमा, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, सारंगगढ़-बिलाईगढ़, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, और सरगुजा जिले शामिल हैं।

कलेक्टरों को आदेश एक सप्ताह में उठवाएं

मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा के अनुसार प्रदेश के उन सभी जिला कलेक्टरों को एक सप्ताह में धान का उठाव कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिनके जिलों की सोसाइटियों में धान जमा है। श्री शर्मा ने ये भी बताया कि कई जिलों में धान के उठाव के लिए डीओ कट चुके हैं, लेकिन मिलरों ने धान नहीं उठाया है। इसके साथ ही मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में 10 हजार मीट्रिक टन धान भेजने कहा गया है।

छत्तीसगढ़ की इन सीटों पर हार जीत और मार्जिन पर रहेगी नजर

क्या बृजमोहन सर्वाधिक लीड हासिल कर सकते हैं

राजनांदगांव, कोरबा, कांकेर में भी है तगड़ा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को आने से पहले तक छत्तीसगढ़ में लोगों की निगाहें उन सीटों पर लगी हैं, जहां से चौंकाने वाले परिणाम की संभावना जताई जा रही है। इन सीटों में रायपुर और राजनांदगांव जैसी हाईप्रोफाईल सीटें मुख्य रूप से शामिल हैं। इनके अलावा भी कुछ सीटें ऐसी हैं, जिन पर मुकाबला टक्कर का माना जा रहा है। इन सीटों में कोरबा, कांकेर का नाम लिया जा रहा है, लेकिन पूरे छत्तीसगढ़ में लोगों की नजर उस सीट पर है, जहां सबसे अधिक अंतर से हार-जीत होनी वाली है।

छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 7 मई को समाप्त हो चुका है। इसके बाद से प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस के नेता देश के अलग-अलग हिस्सों में अपनी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत के लिए ताकत झोंकते रहे। अब देश में छह चरणों का चुनाव होने के बाद 1 जून को सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान होना है। इधर छत्तीसगढ़ में आखिरी दौर का मतदान होने के बाद सियासी गतिविधियों पर लगभग विराम लगा हुआ है, लेकिन अब जैसे जैसे मतगणना का समय करीब आता जा रहा है, मतदाताओं और सियासी दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं में चुनाव परिणाम को लेकर चर्चा और अटकलों का दौर शुरू हो रहा है।

राजनांदगांव में ही कांटे की टक्कर

राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस प्रत्याशी हैं। उनका सीधा मुकाबला भाजपा के संतोष पांडेय से है। हालांकि श्री पांडेय 2019 में यह सीट आसानी से जीते थे, लेकिन इस बार उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश कड़ी टक्कर दे रहे हैं। माना जा रहा है कि भूपेश के प्रत्याशी होने के कारण यहां कांटे की टक्कर हो रही है और यही कारण है कि पूरे छत्तीसगढ़ की निगाहें राजनांदगांव सीट पर टिकी है। राजनांदगांव में 77.43 प्रतिशत मतदान हुआ है।

कांकेर सीट में कांग्रेस है मुकाबले में

बस्तर संभाग की कांकेर लोकसभा सीट एसटी के लिए आरिक्षित सीट है। यहां से कांग्रेस ने वीरेश ठाकुर को उतारा है। भाजपा से भोजराज नाग को प्रत्याशी बनाया है। खास बात ये है कि वीरेश ठाकुर 2019 में कांकेर में करीब 6 हजार वोटों से हारे थे। यही कारण है कि पार्टी ने दूसरी बार उन पर भरोसा जताया है। भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वे पूर्व में विधानसभा का एक चुनाव जीते हैं। राजनीतिक प्रेक्षकों के मुताबिक कांकेर में कांग्रेस मुकाबले में बनी हुई है।

कोरबा सीट पर है नजर

कोरबा लोकसभा सीट से कांग्रेस की प्रत्याशी ज्योत्सना महंत है। उन्होंने 2019 में भाजपा की लहर के बीच यह चुनाव जीता है। भाजपा ने इस सीट से तेज तर्रार नेत्री सरोज पांडेय को उतारा है। माना जा रहा है कि सरोज की मौजूदगी के कारण यहां कांग्रेस को चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस सीट पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का प्रत्याशी भी मैदान में है। इस लोकसभा सीट के एक विधानसभा क्षेत्र पाली तानाखार से गोंडवाना गणंतत्र पार्टी जीत चुकी है। प्रेक्षकों के अनुसार इस पार्टी को मिलने वाले वोट कांग्रेस की संभावनाओं पर असर डाल सकते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना मंहत वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. चरणदास महंत की पत्नी है। महंत परिवार का कोरबा क्षेत्र में काफी प्रभाव माना जाता है।

रायपुर सीट वोट मार्जिन में टॉप में रहेगी?

रायपुर लोकसभा सीट छत्तीसगढ़ की सबसे हॉट सीटों में से एक मानी जा रही है। इस सीट पर भाजपा ने पार्टी के सबसे कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल को उतारा है। कांग्रेस ने यहां से विकास उपाध्याय को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के लोगों की मानें तो रायपुर में पार्टी की न केवल जीत तय है, बल्कि राज्य में सबसे अधिक मार्जिन से जीत वाली सीटों में इस गिना जा रहा है। बृजमोहन अग्रवाल पूर्व में आठ बार विधानसभा का चुनाव जीते हैं। 2023 में वे दक्षिण विधानसभा सीट से राज्य में सबसे अधिक 67 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। यह भी उल्लेखनीय है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुनील सोनी कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रमोद दुबे से 3.40 लाख वोटों से जीते थे। इसी आधार पर भाजपा के लोग मानकर चल रहे हैं कि रायपुर में इस चुनाव में भाजपा को सबसे अधिक लीड मिल सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार यह कोशिश भी की गई है कि भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देश में सर्वाधिक वोटों से जीतने का रिकार्ड बनाएं। रायपुर लोकसभा में इस बार 66.82 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस हिसाब से करीब 14 लाख वोट पड़े हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। भाजपा का आकलन है कि बृजमोहन अगर 6 लाख वोटों से जीते, तो यह देश में सर्वाधिक लीड वाली सीट होगी।

बैज ने कहा- 4 जून को देशभर में एक और दिवाली मनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा, 4 जून को देशभर में एक और दिवाली मनाई जाएगी। जब तानाशाह की हार होगी और आम जनता का राज आएगा, लोकतंत्र प्रभावित होगा संविधान और आरक्षित वर्गों के आरक्षण सुरक्षित होगा। युवाओं को 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती के अवसर मिलेंगे, किसानों को एमएसपी की गारंटी मिलेगी, महिलाओं को सरकारी पदों की भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए खाता में मिलेगा। महंगाई कम होगी और यह देश के लिए दीपावली के दिन से कम नहीं होगा। उन्होंने कहा, 4 जून को देशभर के युवाओं, श्रमिक को, महिलाओं को, रोजगार मिलेगा। उद्योगपति, व्यापारी बिना दबाव के व्यवसाय करेंगे, किसानों को उनकी फसल की सही कीमत मिलेगी, आम जनता को मूलभूत की सुविधा मिलेगी। पूरे देश में मोदी सरकार और भाजपा के खिलाफ आक्रोश है। देश में हर वर्ग मोदी सरकार की कुनीतियों से परेशान हुआ है।

मांग के विरुद्ध बीज-खाद का अब तक 53 प्रतिशत भंडारण, वितरण 29 व 35 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरीफ फसलों के लिए जिले के किसानों को बीज और खाद उपलब्ध कराने के लिए भंडारण और वितरण का काम चल रहा है। जिले के 126 सेवा सहकारी समिति में अब तक बीज का 21592.50 क्विंटल भंडारण कर 6340 क्विंटल वितरण किया गया है, जो कि मांग के विरुद्ध 53 प्रतिशत भंडारण एवं 29 प्रतिशत वितरण हुआ है। इसी प्रकार रासायनिक उर्वरक 21415 मीट्रिक टन का भंडारण कर 7563 मेट्रिक टन का वितरण किया गया है, जो लक्ष्य के विरुद्ध भंडारण 53 व वितरण 35 प्रतिशत है।

कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने बुधवार को कृषि से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में कृषि विभाग के अलावा जिला सहकारी बैंक, जिला विपणन अधिकारी, उप पंजीयक सेवा सहकारी समिति के अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि समितियों में खाद-बीज का अग्रिम उठाव के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने सहकारी समिति में मांग व लक्ष्य के विरुद्ध तत्काल भंडारण करने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक एवं बीज प्रक्रिया प्रभारी को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार एवं कृषि विकास अधिकारी को प्रतिदिन सहकारी समिति एवं ग्रामों का दौरा करने के भी निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप एवं कृषि विभाग के उप संचालक आर. कश्यप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि मानसून आने के पूर्व अधिक से अधिक अग्रिम बीज एवं रासायनिक उर्वरक का उठाव के लिए कलेक्टर ने प्रत्येक विकासखंड में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत सीईओ एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की संयुक्त टीम बनाकर प्रतिदिन 10-10 सहकारी समिति का दौरा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं।

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 24/05/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रोमा अधलखा पिता/पति अनिल अधलखा निवासी टैगोर नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम सिवनी प.ह.नं. 18 राजस्व निरीक्षक मंडल केंद्री स्थित भूमि खसरा नंबर 200, 201/1 शामिल 205/1, 201/2, शामिल 205/2, 201/3 शामिल 205/3 रकबा 0.198, 0.304, 0.077, 0.121 हे. भूमि का न्यायालय तहसीलदार अभनपुर आदेश दिनांक 10/04/2023 के परिपालन में दिनांक 12/06/2024 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया हैं । अतः उक्त सीमांकन/बटांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा /आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन/बटांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 18 के बेन्द्री स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजो सहित स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं । इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा ।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.नं.- केंद्री, अभनपुर (छ.ग.)

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 28/05/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता सिंघानिया बिल्डकान प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री सुबोध सिंघानिया पिता श्री श्यामलाल सिंघानिया, निवासी-रिंग रोड नं. 1, महामाया मंदिर वार्ड, रायपुर, तह. व जिला- रायपुर (छ.ग.) 492001 के आधिपत्य व स्वामित्व की भूमि जो वाके मौजा-भाठागांव, प.ह.नं. 00060, रा.नि.मं. रायपुर- 13- भाठागांव, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित जिसका खसरा नंबर 257/14 रकबा 0.1210 हे., खसरा नंबर 257/23 रकबा 0.0200 हे., खसरा नंबर 257/431 रकबा 0.1210 हे., खसरा नंबर 257/532 रकबा 0.1290 हे., खसरा नंबर 257/564 रकबा 0.0650 हे. कुल खसरा 5 कुल रकबा 0.4560 हे. भूमि को क्रय किए जाने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन किया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं . होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी। अतः सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 28/05/2024 भवदीय
सी.एम. नायक (अधिवक्ता)
गायत्री हॉस्पिटल के पीछे तरूण नगर,
डंगनिया रायपुर तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.)
मो. 7987009519

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती अनीता चंद्राकर बेवा स्व. श्री पुनीत कुर्रे निवासी आदर्श नगर मोवा रायपुर समर्पण अस्पताल के पास सड्डु रायपुर (छ.ग.) के हक व हिस्से की शामिलात हक के पैतृक भू- स्वामित्व हक की भूमि जो कि ग्राम-नेऊरडीह तह. धरसीवाँ जिला रायपुर में खसरा नं. 53/2, 55/3, 59/10, 166/24, 166/25, 166/26, 166/27, 185/5, 185/6, 185/7, 59/9, 219/8, 266, 164/2, 166/22 के रूप में अवस्थित है, उसे मेरी पक्षकार के सहमति एवं स्वीकृति के बगैर नियम विरुद्ध एवं निजी स्वार्थवश उनके ही पिताजी /भाईयों महावीर चंद्राकर, जागेश्वर एवं शरद द्वारा दुर्भावनापूर्वक एवं अनाधिकृत रूप से अन्य व्यक्तियों के नाम से भूमि स्वामित्व का अंतरण करने/ किये जाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है जो विधि अनुरूप मान्य नहीं है तथा मेरी पक्षकार द्वारा उक्त उल्लेखित भूमि के स्वामित्व के अनाधिकृत ऐसे सौदे/अंतरण पर न्यायिक संरक्षण हेतु माननीय न्यायालय की शरण में चली गई है।

उक्त भूमि को कोई भी व्यक्तियों/ संस्था/ ट्रस्ट द्वारा क्रय न किया जावे, यदि क्रय किया जाता है तो वह मेरी पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा ऐसे किसी संव्यवहार हेतु मेरी पक्षकार द्वारा कानूनी कार्यवाही की जावेगी अतः सर्व संबंधित सूचना जाने व पालन करें।

रायपुर दिनांकः- 29.05.24
राकेश मिश्रा (अधिवक्ता)
58/188, ब्राम्हण पारा रायपुर (छ.ग.)
मो. 9926126739

कांग्रेस की भ्रष्ट व्यवस्था से जेल में हैं शासन के दो पूर्व जीएसटी कमिश्नर : ठाकुर

ई वे बिल पर कांग्रेस को भाजपा को ज्ञान देने का अधिकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने ई वे बिल मामले में कहा, कांग्रेस ने कैसी भ्रष्ट व्यवस्था चलाई, सभी को पता है उनके दो पूर्व जीएसटी कमिश्नर, समीर विश्नोई और रानू साहू जेल में हैं। ऐसे में कांग्रेस को भाजपा को ज्ञान देने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा, राज्य के अधिकतर छोटे व्यापारी एक साथ 50 हजार का माल परिवहन करते ही नहीं। कांग्रेस के शासनकाल में चाहे वह आबकारी कर हो या जीएसटी, शासन और अधिकारियों की मिली भगत से कर चोरी के कीर्तिमान रचे गए हैं। राज्य के राजस्व में डाका डालने का काम कांग्रेस के शासन में हुआ है। ई वे बिल कर चोरी को रोकने में मदद मिलती है, बल्कि आंकड़ों के विश्लेषण से कर संग्रहण के संबंध में भी महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती हैं। इससे बोगस बिल जारी करने, कच्चा बिल जारी करके कर अपवंचन करने की प्रवृत्तियों पर अंकुश लगेगा।

कांग्रेस शासित राज्यों की अलग-अलग व्यवस्था

उन्होंने कहा, राजस्थान में भाजपा की सरकार ने मार्च 2018 में राज्य में ई वे बिल के प्रावधानों से पूरी छूट दे दी थी। 2021 में कांग्रेस सरकार ने संशोधित कर राज्य के भीतर 1 लाख से अधिक मूल्य के माल के लिए ई वे बिल के प्रावधान लागू किए हैं। पंजाब में भी कांग्रेस सरकार ने संवेदनशील वस्तुओं के राज्य के भीतर परिवहन पर ई वे बिल की सीमा 50 हजार रुपए रखी थी, शेष वस्तुओं के लिए यह सीमा 1 लाख रुपए है। एक जिले के भीतर परिवहन के लिए कोई विशेष छूट नहीं थी। ऐसे में कांग्रेस जो खुद के शासित राज्यों में ऐसा कर चुकी है, वो यहां इसका विरोध किस मुंह से कर रही है।

ई-वे बिल की अनिवार्यता सरकार का तानाशाही कदम

रायपुर। पूर्व मंत्री एवं विधायक उमेश पटेल ने ई-वे बिल की छूट को समाप्त करने को भाजपा सरकार की तानाशाही बताया है। उन्होंने कहा, ई वे बिल को अनिवार्य किए जाने से इंस्पेक्टर राज चालू हो जायेगा। सर्कुलर में स्पष्ट है कि कनसाइनमेंट को जांच करने का अधिकार हो जायेगा। पहले बार्डर पर जांच होती थी। अब कनसाइनमेंट में जांच शुरू हो जायेगी, तो इंस्पेक्टर राज वापस होगा और सभी व्यापारी इससे प्रताड़ति होंगे। जो ये सर्कुलर है, लंबे समय में छत्तीसगढ़ व्यापार को बहुत नुकसान करेगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की इकोनामी भी कहीं न कहीं डाउन होगी। सरकार व्यापारियों से बात करे और व्यापारियों की जो समस्या है, उसे हल करे और सार्थक चर्चा के बाद जारी करे। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार जब से बनी है, सरकार आम आदमी के साथ व्यापार और उद्योग के खिलाफ निर्णय ले रही है। सरकार से मांग करता हूं कि सर्कुलर को जल्द से जल्द वापस ले। यह आदेश छत्तीसगढ़ के लिये बहुत नुकसान दायक है। कांग्रेस इसका हर स्तर पर विरोध करेगी।

मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन

रायपुर। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग संघर्ष समिति छत्तीसगढ़ के सदस्यों ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को संविधान में संशोधन प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है जो देश के सभी राज्यों द्वारा लागू कर दिया गया है किंतु प्रदेश में 2019 से अब तक लागू नहीं किया गया है। इसे छत्तीसगढ़ में भी समान रूप से लागू करने की मांग को लेकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग संघर्ष समिति छत्तीसगढ़ के सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है।

खबर संक्षेप

लाइन लगने के विवाद पर जानलेवा हमला

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र की अंग्रेजी शराब दुकान में शराब खरीदने लाइन लगने के विवाद पर दो लोगों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक संजय डांडे की शिकायत पर खिलेश्वर उर्फ दद्दू यादव, घनश्याम सोनी, ओम वर्मा, नर्मदा प्रसाद वर्मन तथा एक नाबालिग को पकड़ा है। बदमाशों ने संजय पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल किया था। बीचबचाव करने आए एक अन्य युवक पर भी बदमाशों ने चाकू से हमला किया।

बगैर लाइसेंस, परमिट के चल रहे ऑटो के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर। ट्रैफिक पुलिस ने नियमों की अनदेखी कर बगैर ड्राइविंग लाइसेंस तथा बगैर परमिट के चल रहे 43 ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके ऑटो जब्त कर जुर्माना राशि वसूल की है। पुलिस के मुताबिक जिन ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनमें 13 ऑटो चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। इसी तरह से 21 ऑटो चालकों के पास ऑटो चलाने परमिट नहीं था। इसके साथ ही 10 अन्य ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

फल कारोबारी से लूट

रायपुर। गोलबाजार थाना में एक फल कारोबारी ने दो अज्ञात दोपहिया सवार बदमाशों के खिलाफ मारपीट कर अपने साथ जबरन दोपहिया में बैठाकर मौदहापारा ले जाकर 19 हजार रुपए लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक श्रीनगर निवासी नीरज कुमार सोनकर ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। नीरज ने पुलिस को बताया है कि मंगलवार को वह शास्त्री बाजार में फल खरीदने गया था। वापसी के दौरान वह मल्टीलेवल पार्किंग के पास खड़ा था। इसी दौरान एक्टिवा सवार बदमाश उसके पास पहुंचे और मारपीट कर दबाव पूर्वक अपनी एक्टिवा में बैठाकर मौदहापारा ले जाकर लूट की घटना को अंजाम दिया।

निधन

स्वपनिल एंजल जेकब

रायपुर। टिकरापारा निवासी स्वपनिल एंजल जेकब का 29 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 मई को सुबह 9.30 बजे सेंट पॉल्स कैथेड्रल की प्रभु वाटिका में किया जाएगा। वे स्व. पादरी सुंदरलाल जेकब की पोती, पादरी शेखर लाल जेकब व अंजली जेकब की बेटी और श्वेता जेकब की बहन थीं।

मयंक शर्मा

रायपुर। कोसा-कपसदा निवासी मयंक शर्मा (28) का 29 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे सुदीप शर्मा के पुत्र और शीला शर्मा के भतीजा थे।

जून तक पूरा होगा 3 मंजिला शास्त्री बाजार परिसर, सोलर लाइट से जगमगाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी में 3 मंजिला शास्त्री शास्त्री बाजार परिसर का निर्माण जून तक पूरा होगा। इस पूरे परिसर को सोलर लाइट से जगमग रोशनी करने की व्यवस्था रहेगी। ग्राउंड फ्लोर सहित प्रत्येक फ्लोर पर 21 दुकानें बनकर तैयार हैं। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बुधवार को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के साथ निर्माणाधीन शास्त्री बाजार परिसर का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने निगम कमिश्नर के साथ किया निरीक्षण

9 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन का लक्ष्य

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत निर्माणाधीन तीन मंजिला शास्त्री बाजार परिसर में ग्राउंड फ्लोर सहित प्रत्येक तल पर 21 दुकानें निर्मित की जा रही हैं। इस बिल्डिंग की छत में सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा से परिसर को जगमगाया जायेगा। 9 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन यह परिसर जून अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निरीक्षण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने प्रोजेक्ट से जुड़े तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के साथ ही दुकानों के आबंटन के संबंध में जिला कलेक्टर को अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्ज्वल पोरवाल, महाप्रबंधक, तकनीकी पीके पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक इमरान खान, जोन 3 कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता राकेश अवधिया, उप-प्रबंधक संजय अग्रवाल, असिस्टेंट मैनेजर योगेन्द्र साहू सहित कार्य एजेंसी की टीम उपस्थित रही।

दरसअल, रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर में 9 करोड़ की लागत से 3 मंजिला शास्त्री बाजार परिसर का निर्माण किया जा रहा है। परिसर में कुल 84 दुकानें होंगी। इसके साथ ही बेसमेंट पार्किंग में 70 बाइक और 30 कार रखने की व्यवस्था रहेगी।

निर्माणाधीन परिसर का निरीक्षण करने पहुंचे जिला कलेक्टर ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए 30 जून तक बकाया निर्माण कार्य पूरा करने निर्देश दिये। साथ ही दुकानों के आवंटन की कार्यवाही सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

मनमाने तरीके से दौड़ रहे 17 हजार ई-रिक्शा, न लाइसेंस अनिवार्य न रूट तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर जिले में 17 हजार पंजीकृत ई-रिक्शा हैं। इनमें से 12 हजार से अधिक ई-रिक्शा शहर में दौड़ रहे हैं। ई-रिक्शा के लिए न ही लाइसेंस की अनिवार्यता है और न ही इसके लिए कोई रूट प्लान तैयार किया गया है। इसके कारण ई-रिक्शा चालक मनमाने तरीके से हर रूट की सड़कों पर हजारों की संख्या में दौड़ रहे हैं। इन रिक्शों की बढ़ती संख्या के कारण शहर के कई रूटों पर ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ा है। यही नहीं, सवारी बैठाने के नाम पर ई-रिक्शा के चालक अब सड़कों पर बेतरतीब तरीके से खड़े करने लगे हैं, जिसके कारण सुबह से 10 से रात 9 बजे तक जगह-जगह जाम की समस्या भी निर्मित हो रही है।

हरिभूमि ने बुधवार को शहर के कई प्रमुख इलाकों में ई-रिक्शा के कारण लगने वाले जाम की पड़ताल की। इस पड़ताल में ऐसे कई मार्ग मिले, जहां ई-रिक्शा चालकों की मनमानी के कारण दूसरे वाहन सवार लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

केस 1

पचपेड़ी नाका के पास लगता है हर दिन जाम

पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के पास हर दिन ई-रिक्शा के कारण जाम की स्थिति बनती रहती है। यहां ई-रिक्शा सवारी बैठाने के नाम पर सर्विस रोड के टर्न के पास सड़क पर ई-रिक्शा खड़ा कर देते हैं, जबकि यहां ट्रैफिक पुलिस चौकी भी है। दिनभर पुलिस यहां ड्यूटी देती रहती है, बावजूद यहां ट्रैफिक जाम की समस्या से लोग जूझते रहते हैं।

केस 2

शास्त्री चौक के पास भी ई-रिक्शा

बेतरतीब तरीके से खड़ा करते हैं। यहां शास्त्री जी की मूर्ति के सामने तथा डीकेएस अस्पताल के सामने ई-रिक्शा सवारी बैठाने के लिए चालक सड़क पर पार्क कर देते हैं। यहां भी ट्रैफिक पुलिस कर्मी दिनभर तैनात रहते हैं, लेकिन ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती। इसके कारण यहां ई-रिक्शा चालकों की मनमानी बढ़ने लगी है।

ई-रिक्शा के कारण इन रूटों पर बढ़ा ट्रैफिक का दबाव

ई-रिक्शा के कारण रेलवे स्टेशन से घड़ी चौक, शास्त्री चौक से कालीबाड़ी, सिद्धार्थ चौक, पचपेड़ी नाका, संतोषीनगर, फाफाडीह चौक से जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, जयस्तंभ चौक से फूल चौक, तात्यापारा, आमापारा, बूढ़ापारा चौक से पुरानी बस्ती, लाखेनगर, सुंदर नगर, रायपुरा चौक से महादेव घाट तक, चांदनी चौक नेहरू नगर से बसस्टैंड, भाठागांव चौक, पंडरी से लोधीपारा चौक, भगतसिंह चौक से शंकरनगर चौक सहित कई मार्ग हैं, जहां ई-रिक्शा हजारों की संख्या में चल रहे हैं। इसके कारण इन मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ा है।

थानों के सामने ही बेतरतीब तरीके से खड़े कर रहे ई-रिक्शा

लाइसेंस अनिवार्य नहीं होने के कारण ई-रिक्शा चालकों में पुलिस का खौफ भी नहीं रहा। इसके कारण चालक अब ई-रिक्शा को सड़कों पर कहीं भी सवारी बैठाने के लिए खड़ा कर देते हैं। यही नहीं, शहर के कई ऐसे थाने हैं, जिनके सामने और आसपास सड़कों पर ही चालक बेतरतीब तरीके से ई-रिक्शा पार्क कर देते हैं।

केस 3

बाजार में भी दिनभर लोग जाम में फंसते रहते हैं

शहर के प्रमुख व्यावसायिक बाजार में भी ई-रिक्शा के कारण लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। गोलबाजार, सदरबाजार, चूड़ीलाइन, शास्त्री बाजार, पंडरी सहित अन्य बाजार में ई-रिक्शा के प्रवेश करने से ट्रैफिक जाम की समस्या बन रही है। बाजार में ई-रिक्शा का सवारी के साथ मालवाहक के रूप में भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके कारण बाजार में भी दिनभर लोग जाम में फंसते रहते हैं।

अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने शहीद ले. राजीव पांडे को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र शहीद लेफ्टिनेंट राजीव पांडे के बलिदान दिवस पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने संजय नगर टिकरापारा स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष कर्नल हरिंद्र त्रिपाठी एवं अन्य सैनिक सदस्यों के अलावा वार्ड पार्षद समीर अख्तर एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। परिषद के सदस्यों ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद स्व. राजीव पांडे के समता कालोनी स्थित निवास में जाकर उनके माता-पिता सहित अन्य सदस्यों से भी मुलाकात की। विदित हो कि शहीद सेकेंड लेफ्टिनेंट राजीव पांडे को आपरेशन मेघदूत के तहत सियाचीन ग्लेशियर में दुश्मनों की एक चौकी को हासिल करने का उत्तरदायित्व दिया गया था। इस 21000 फीट ऊंची दुर्गम चौकी तक पहुंचने के लिए तीन किमी. का खुला बर्फीला इलाका तथा 12000 फीट की दीवार पार करना आवश्यक था। 29 मई 1987 के दिन वे अन्य साथियों के साथ इस चौकी पर आक्रमण कर दुश्मनों की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ी क्षति पहुंचाई थी। हालांकि इस दौरान वे तथा उनके पांच अन्य साथी भी वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनके इस प्रबल प्रयास से 29 जून 1987 को भारतीय सेना ने इस चौकी पर अपना कब्जा किया था। शहीद राजीव पांडे को इस अदम्य साहस व वीरता के लिए 26 जनवरी 1988 को वीर चक्र से अलंकृत किया गया था।

सरकार की प्राथमिकता एवं समय सीमा प्रकरणों पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग मनोज पिंगुआ ने कहा, शासन की प्राथमिकता एवं समय सीमा के प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने राज्य और जिला स्तरीय सलाहकार समिति का पुनर्गठन, प्रस्तावित नवीन स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वीकृति प्रदाय करने सहित विभिन्न जिला अस्पतालों में स्टॉफ नर्स के पदों की संख्या बढ़ाने के संबंध में भी समीक्षा की। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और छत्तीसगढ़ मेडिकल कॉर्पोरेशन के कार्यों, समय सीमा के प्रकरणों की समीक्षा बुधवार को नवा रायपुर में की गई।

बैठक में विभिन्न एजेंडों जैसे नियद नेल्लानार योजना के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य, जननी सुरक्षा योजना, सिकलसेल, टीबी, एनीमिया स्क्रीनिंग, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, स्थायी निःशक्तता प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत योजना, 102 एंबुलेंस, 104 एंबुलेंस, 108 एंबुलेंस की सतत निगरानी, टीकाकरण की अद्यतन स्थिति, सिकलसेल टेस्टिंग सहित सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल कोपागुड़ा एवं जगदलपुर के संबंध में चर्चा की गई। एसीएस ने कहा, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर घुमंतू मानसिक रोगियों के रेस्क्यू के लिए दिशा-निर्देश बैठक में दिए गए। साथ ही ईएमआईएस पोर्टल पर मशीनों की टेगिंग के संबंध में कार्यशाला आयोजित कराने पर जोर दिया। बैठक में विशेष सचिव चंदन कुमार, प्रबन्ध संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. जगदीश सोनकर, कमिश्नर कम संचालक ऋतुराज रघुवंशी एवं प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन पद्मिनी भोई उपस्थित थे।

- एसीएस पिंगुआ ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

ग्राम पूवर्ती में खुलेगा पीएचसी

बैठक में मितानिन प्रोत्साहन राशि के राज्यांश राशि भुगतान के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं कोंटा विकासखण्ड के ग्राम पूवर्ती में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना, डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत क्लेम ऑडिट एमव्हीएसएसवाय मॉनिटरिंग, अनस्पेसिफाईड प्रकरण की भी समीक्षा की गई। बैठक में रिक्त पदों की पदोन्नति द्वारा पूर्ति के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। पेंशन प्रकरणों एवं अन्य स्वत्वों के निराकरण के संबंध में भी समीक्षा की गई।

मौसम के दो .....

दबाव सहने वाली सड़कों पर दो दिन से गर्मी का अघोषित कर्फ्यू लगा हुआ है। हमेशा व्यस्त रहने वाले इन मार्गों में दोपहर के वक्त इक्का-दुक्का वाहनों की आवाजाही हो रही है। शाम होने के बाद धूप से राहत मिलने पर लोग अपना जरूरी काम निपटाने, खरीदारी करने और घूमने- फिरने बाहर निकल रहे हैं, जिससे इन्हीं सड़कों पर अधिक संख्या में वाहन होने की वजह से जाम की स्थिति बन ही है। बुधवार की सुबह राजधानी के हृदयस्थल से गुजर रही जीई रोड पर सन्नाटा रहा, वहीं शाम होने के बाद मौदहापारा मार्ग, एमजी रोड, मालवीय रोड, स्टेशन चौक सहित विभिन्न मार्गों पर भारी संख्या में वाहनों की आवाजाही होने से जाम की स्थिति निर्मित होती रही।

ट्रेनें 20 घंटे से ....

करने पड़ रही है, जिसकी वजह से फ्लाइट टिकटों के दाम बढ़े हुए हैं। कुछ इसी तरह का हाल बसों का भी है। रायपुर से लंबी यात्रा के लिए छूटने वाली बसों में 70 प्रतिशत से अधिक यात्री आवाजाही कर रहे हैं। जानकार सूत्रों का कहना है कि छुट्टियों का दौर जून के पहले पखवाड़े तक चलेगा, तब तक सफर करने वालों की गहमागहमी बनी रहेगी। **सफर के दौरान बच्चे, बुजुर्ग सब बीमार:** एक तरफ ट्रेन की लेटलतीफी और दूसरी तरफ 45 से 46 डिग्री तापमान ने यात्रियों का बुरा हाल कर दिया है। जनरल बोगी सहित स्लीपर कोच में भी भारी भीड़ है। क्षमता से अधिक यात्री और लू के साथ चलने वाली गर्म हवाओं के कारण ट्रेन में सफर करने वाले छोटे बच्चे व बुजुर्ग यात्री बीमार होने लगे हैं। ऊपर से घंटों ट्रेन लेट होने के कारण अतिरिक्त सफर करने से भी यात्रियों की हालत खराब हो रही है।

20-22 घंटे लेट ....

दिल्ली और अमृतसर तक लंबी दूरी वाली ट्रेनें 22 से 25 घंटे देर से चल रही है। स्टेशन से समय पर निकलने के बाद भी मंजिल तक पहुंचते-पहुंचते रफ्तार इतनी धीमी हो जाती है कि बुधवार को पहुंचने वाली ट्रेन गुरूवार को पहुंचती है। ट्रेन की लेटलतीफी से आक्रोशित यात्रियों का कहना है कि रेलवे द्वारा पूरा किराया लेने के बाद भी जिस तरह से ट्रेनें देर से आ रही हैं, उससे तो रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को राहत देने के सारे दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

साथियों सहित अनवर ....

इरफान मेघजी की शिकायत पर अनवर ढेबर, सोहेल, पापा तथा निखिल खत्री के खिलाफ घर का ताला तोड़कर तोड़फोड़ करने तथा नकदी 20 हजार रुपए तथा 10 हजार रुपए कीमत की सोने के जेवर, दस्तावेज चोरी करने की रिपर्ट

पेज 11 के शेष ...

दर्ज की गई है। इरफान ने पुलिस को बताया कि वह वर्ष 2016 में अनवर के ढेबर बिल्डकान में काम करने मुंबई से रायपुर आया था। ढेबर ने उसे ढेबर सिटी में रहने के लिए फ्लैट दिया था। वर्ष 2023 में वह काम छोड़कर वापस मुंबई चला गया।

स्टाफ ने वीडियो कॉल कर दी जानकारी : इरफान ने पुलिस को बताया कि अनवर के एक अन्य स्टाफ संजीव ने 30 मार्च को उसे वीडियो कॉल कर फ्लैट का वीडियो दिखाते हुए बताया कि अनवर तथा उसके साथी फ्लैट का ताला तोड़ अंदर घुस गए हैं। इरफान ने पुलिस को बताया है कि अनवर तथा उसके साथियों ने उसके सामान को बाहर फेंक अंदर रखे दस्तावेज, कैश तथा ज्वेलरी चोरी कर ले गए। मुंबई से वापस आने के बाद इरफान ने अनवर तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मंगलवार को पुरानी बस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज : पुलिस ने दोनों बाप बेटा के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थाना में पुलिस ने अनवर ढेबर तथा उसके साथियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 109, 34, 380 तथा 454 के तहत अपराध दर्ज किया है। सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने शोएब ढेबर तथा उसके साथियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 34, 341, 354 (घ), 384 तथा 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

वीआईपी रोड के ....

संसाधन से 3 दिनों के भीतर हटाने लिखित में अनुरोध किया। जोन कमिश्नर संतोष पांडे ने इसकी जानकारी निगम आयुक्त को दी। आयुक्त के निर्देश पर कब्जाधारी को नाले पर किया गया अवैध कब्जा अपने संसाधन से हटाने 3 दिनों का समय दिया गया है। तय समयसीमा के भीतर कब्जाधारी द्वारा स्वयं कब्जा नहीं हटाने पर जोन 9 की टीम अभियान चलाकर नाले पर किया गया अवैध कब्जा हटा देगी।

नए सिस्टम में ....

रजिस्ट्री कम होने का तो आचार संहिता और छुट्टियां ज्यादा पड़ने के कारण रजिस्ट्री कम हुई है। दस्तावेज त्रुटि होने पर अटक रही रजिस्ट्री, दोबारा लेना पड़ रहा अपॉइंटमेंट नए सिस्टम के तहत रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लिया जाता है। अपॉइंटमेंट लेने के बाद रजिस्ट्री में लगने वाले प्रॉपर्टी के दस्तावेजों के साथ बेचने और खरीदने वालों के साथ गवाहों के आईडी प्रूफ तक ऑनलाइन अपलोड किए जाते हैं। इसके बाद ही रजिस्ट्री का समय दिया जाता है। दस्तावेज अपलोड करने के दौरान अगर त्रुटि हो जाए या फिर एक भी दस्तावेज में गड़बड़ी मिलने पर रजिस्ट्री अटक जाती है, क्योंकि साफ्टवेयर में त्रुटि सुधार का ऑप्शन ही नहीं है। इसके कारण रजिस्ट्री के लिए फिर से अपॉइंटमेंट लेकर दोबारा दस्तावेज अपलोड करना पड़ता है।

खारुन में रोज ....

महादेवघाट पुल के पास पाइप लाइन में लीकेज होने से गटर का पानी नदी के जल को दूषित कर रहा है। इससे राजधानी रायपुर की 15 लाख आबादी की सेहत दांव पर लगी है। नगर निगम जोन 8 और अमृत मिशन के अधिकारियों को इसकी जानकारी दिये जाने के बाद भी महीनों से इसकी मरम्मत नहीं होने से रोजाना लाखों लीटर दूषित पानी खारुन नदी में मिल रहा है। खारुन नदी से गुजरने वाली सीवरेज लाइन फटने की शिकायत के बाद बुधवार को अमृत मिशन के इंजीनियर और पीएचई के अधिकारी स्पॉट पर पहुंचे और सीवरेज लाइन फूटी होने के कारण की पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने पाया कि नया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के दौरान अमृत मिशन के अधिकारियों ने पीएचई के पुराने चैंबर के ऊपर सीवरेज के लिए नई पाइप लाइन डाल तो दी, पर नीचे हिस्से के पुराने चैंबर को बंद नहीं कराया।

महीनों से फाल्ट, अब ....

पानी बहना पाया गया। अब निगम के अधिकारी इस पुराने चैंबर को बंद करायेंगे, क्योंकि चंदनीडीह के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक सीवरेज का गंदा पानी जाने के लिए वहां ऊपर से पाइप लाइन पहले ही काम कर रही है।

शराब दुकान कर्मी .....

अंग्रेजी शराब दुकान के कर्मी रोशन लाल कन्नौजे ने पार्षद हेमलाल साहू तथा डिगेश्वर सिन्हा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रोशन ने पुलिस को बताया कि दोनों पार्षद शराब दुकान में ओवर रेट शराब बेचने का आरोप लगाते हुए दुकान बंद होने के बाद लेने पहुंचे। दुकान बंद होने की बात कहने पर दोनों पार्षदों ने शराब दुकान कर्मी के साथ मारपीट की।

आपाधापी का फायदा ....

सहित दो अन्य ने गल्ले से रुपए चोरी कर थाना में चोरी की फर्जी शिकायत दर्ज कराई। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की, तो जिन लोगों ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है, सीसीटीवी में उनका फूटेज मिला। संदेह के आधार पर पुलिस उन चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

Education Time
MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th (Biology, Maths, Commerce) Register Now at www.mesraipur.com
Highlight: Spoken English & Personality Development Classes • Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal attention on each students • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123
ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN Nursery to 12th Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features: Extra curricular activities • Personal attention to each student Limited student in each class • Music, Dance, personality development classes • Yoga • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558,9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com
Contact to Add Your School - 79871-19756

खबर संक्षेप

बुढ़ापारा में निशुल्क छाछ का किया वितरण

रायपुर। तेज गर्मी को देखते हुए गुजराती लोहाणा युवा मंडल द्वारा बुढ़ापारा बिजली ऑफिस के बाजू में निशुल्क छाछ का वितरण किया गया। जिससे भारी संख्या में लोगों ने राहत मिली। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष विशाल भाई ठक्कर, सचिव कल्पेश पारेख के अलावा दीपेश पारपानी, हार्दिक पोपट, हर्ष पुजारा, श्याम मोदी, सुमीत नाथवानी, कुशल पारेख, मयूर बरछा, शुभम लाखानी तथा लोहाणा महाजन से हितेश रायचूर, मनीष पारपानी तथा लोहाणा युवा मंडल के पूर्व अध्यक्ष मनीष राणा भी उपस्थित थे।

अहिल्या देवी की जयंती पर निशुल्क चित्रकला स्पर्धा कल

रायपुर। संस्कार भारती रायपुर द्वारा देवी अहिल्या बाई होलकर की

300वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 31 मई को स्कूली बच्चों व नवोदित कलाकारों के लिए निशुल्क जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह स्पर्धा सुबह 9.30 बजे से 11.30. बजे तक जारी रहेगा। यह जानकारी संस्कार भारती रायपुर के अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता 4 वर्गो में आयोजित होगी, जिसमें किसी भी आयु के प्रतिभागी सम्मिलित हो सकते हैं। प्रतिभागी किसी भी माध्यम, रंग संयोजन में चित्र निर्माण कर सकते है। सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से ड्राइंग शीट प्रदान की जाएगी, शेष सामग्री प्रतिभागियों को स्वयं लेकर आना आवश्यक है। प्रत्येक समूह के विजेता प्रतिभागियों को संस्था द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

मुआवजा और नौकरी की मांग, सौंपा ज्ञापन

रायपुर। राज्य सफाई कर्मचारी आंदोलन के पदाधिकारियों ने महापौर और आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को निगम में नौकरी दिए जाने की मांग की है। इसी दौरान आंदोलन के राज्य संयोजक राजू भारतवासी और घासी घसिया समाज के जिलाध्यक्ष युवराज सेंदरे एवं संगठन के सदस्यों ने बताया कि 25 मई को सिविल लाइंस इलाके में सफाई कार्य के दौरान कचरा गाड़ी में दबने से अनुबंध पर रखे गए सफाई कर्मचारी मिथिलेश निषाद की मौत पर मृतक के आश्रित परिवार को कर्मचारी कानून पुनर्वास अधिनियम के तहत 30 लाख रुपए मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को निगम में नौकरी दिए जाने की मांग की है। राज्य सफाई कर्मचारी आंदोलन द्वारा निगम प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अल्टीमेटम दिया गया कि 15 दिनों के अंदर मांग पूरी नहीं किए जाने पर निगम की संपूर्ण सफाई व्यवस्था ठप कर निगम में विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

बेजुबान पशु के लिए बांटे सकोरा

रायपुर। शहर में भीषण गर्मी से बेजुबान पशुओं को बचाने व उनकी मदद करने के लिए नेकी कर फाउंडेशन द्वारा शहर में 130 से अधिक सकोरे का वितरण किया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था की सोच है कि यदि शहरवासी अपने घर के बाहर इन सकोरे में पानी रखें और समय-समय पर इसकी सफ़ाई करें तो शहर में कोई भी बेजुबान पशु व गौमाता बीमार नहीं होगी, यदि आप भी अपने घर के पास सकोरा रखकर बेजुबान की मदद करना चाहते हैं तो संस्था से संपर्क करके इसे प्राप्त कर सकते हैं।

प्रत्येक दसवें व्यक्ति को किडनी की बीमारी, जलवायु परिवर्तन भी प्रमुख कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट एवं प्रदेश सरकार के विशेषज्ञ प्रो. विवेकानंद झा के मुताबिक हर दसवां व्यक्ति किडनी की बीमारी से पीड़ित है। बदली जीवनचर्या के साथ जलवायु परिवर्तन भी इसका प्रमुख कारण हैं। गंभीर रूप धारण कर चुके किडनी के गंभीर रोग पर अनुसंधान और प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने की आवश्यकता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में किडनी के गंभीर रोग (सीकेडी) पर आयोजित व्याख्यान में प्रो. झा ने कहा कि कई किडनी रोगों के कारणों का अभी भी पता नहीं चला है। ऐसे में यह तीसरी सबसे घातक बीमारी बन चुकी है। उन्होंने किडनी रोगों पर विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से निरंतर शोध करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सीकेडी के विषय में अभी और शोध एवं अनुसंधान की जरूरत है। साथ ही बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए चिकित्सकों और तकनीकी कर्मचारियों को बेहतर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाना चाहिए। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल ने प्रो. झा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक प्रो. रेनू राजगुरु भी उपस्थित थीं।

किडनी के गंभीर रोगों पर अनुसंधान और ट्रेनिंग की जरूरत

- एम्स में किडनी के गंभीर रोग पर विशेषज्ञों का व्याख्यान

किडनी रोग की प्रमुख वजह

नेफ्रोलॉजिस्ट प्रो. झा के अनुसार किडनी रोग की प्रमुख वजह बदलती दिनचर्या, जलवायु परिवर्तन, हीट स्ट्रेस, पेस्टीसाइड का बढ़ता प्रयोग, पैन किलर का गैर अनुपातिक प्रयोग, पेयजल में भारी धातुओं की बढ़ती अधिकता और जेनेटिक्स में बदलाव प्रमुख हैं। उन्होंने पेरिटोनियल डायलिसिस के रोगियों को और अधिक सुविधाएं प्रदान करने पर भी जोर दिया।

उपचार के लिए क्लिनिकल गाइडलाइन

नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठौर ने बताया कि विभिन्न शोध परियोजनाओं के माध्यम से एम्स सुपेबेड़ा और आसपास के क्षेत्रों के किडनी रोगियों को उपचार की क्लिनिकल गाइडलाइंस बनाई जा रही है। इसकी बीमारियों के नए कारणों के बारे में भी उपयोगी जानकारी मिल रही है। इसी प्रकार की चुनौती से आंध्रप्रदेश के कुछ क्षेत्र भी प्रभावित हैं।

आठ सौ करोड़ के रोड ठेका के बदले में मांगी थी 50 करोड़ फिरौती

फिरौती की मांग करने वाले शूटर रोड ठेकेदार पर बोकारो में पहले भी हमला कर चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोल कारोबारी तथा रोड ठेकेदार से फिरौती की मांग करने वाले शूटर झारखंड बोकारो में ठेकेदार को धमकाने के उद्देश्य से एक वर्ष पूर्व फायरिंग की घटना को अंजाम दे चुके हैं। शूटरों के रायपुर में पकड़े जाने के बाद झारखंड पुलिस शूटरों से पूछताछ करने रायपुर आई थी। झारखंड पुलिस ने रायपुर में रोहित से लंबी पूछताछ की है।

पुलिस के अनुसार मलेशिया में बैठे मयंक सिंह के निर्देश पर झारखंड जेल में बंद अमन साहू ने फिरौती वसूलने कोल कारोबारी तथा रोड ठेकेदार को धमकाने के उद्देश्य से जेल में योजना बनाई थी। इसके बाद अमन ने जेल से रिहा हुए अपने गुर्गों के माध्यम से रोहित के पास मैसेज भेजा और कोल कारोबारी तथा रोड ठेकेदार को धमकाने के लिए कहा। इसके बाद रोहित ने झारखंड में अपने अन्य साथियों की मदद से बोकारो में रोड ठेकेदार को धमकाने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया।

फिरौती देने से इनकार करने पर सबक सिखाने पहुंचे

पूछताछ में पप्पू तथा रोहित ने पुलिस को बताया कि हमला होने के बाद भी रोड ठेकेदार फिरोती देने राजी नहीं हुआ। इस पर रोहित ने राजस्थान के गैंगस्टर पप्पू से संपर्क किया। इसके बाद रोहित ने झारखंड में अपने अन्य साथियों की मदद से रोड ठेकेदार की संपूर्ण जानकारी हासिल की। जानकारी हासिल करने के बाद रोहित के पकड़े जाने के एक माह पूर्व रायपुर आकर रोड ठेकेदार के साथ कोल कारोबारी की रैकी की। इसके बाद रोहित ने दोनों के बारे में प्राप्त जानकारी पप्पू के पास शेयर की।

कलाकारों को एक-दूसरे से पहचान के लिए मिला था कोड नेम

मलेशिया से मारने का आदेश, बाइक राइडर बनकर शूटर पहुंचे थे रायपुर, उगाही के लिए था पूरा खेल

पकड़े जाने पर हल्ला-हल्ला, जब्त मिले दो, 29-29 कोड

रिसेप्शन से लेकर वेटर तक बने पुलिस कर्मी

शूटरों के बारे में जानकारी मिलने के बाद पुलिस उन्हें पकड़ने अलर्ट हो गई। शूटरों का प्रोफाइल जानने के बाद पुलिस ने उन्हें पकड़ने उसी स्तर की तैयारी की। रोहित जिस होटल में रुकने वाला था, इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उस होटल को अपने कब्जे में ले लिया और पुलिसकर्मी सादी वर्दी में होटल में रिसेप्शनिस्ट के साथ वेटर के रूप में अपनी सेवाएं देने पहुंच गए। बताया जा रहा है, होटल में 50 के करीब पुलिसकर्मी वेटर, रिसेप्शनिस्ट के रूप में तैनात किए गए थे। इनमें से कुछ पुलिसकर्मी पिस्टल के साथ लैस थे।

पिस्टल देने वाले की तलाश

रोहित ने इंदौर में किसके पास से पिस्टल खरीदी, इसे लेकर पुलिस रोहित से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार रोहित को जिसने पिस्टल उपलब्ध कराई, उसके पकड़े जाने के बाद कई और महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लग सकती है। गौरतलब है कि पुलिस ने रोहित के पास से पिस्टल के साथ खाली मैग्जीन जब्त की है। पुलिस इसकी भी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि शूटरों को घटना वाले दिन किनके माध्यम से और कौन बुलेट देने वाला था।

रोहित को भनक तक नहीं लगी वह घिर गया है

पुलिस के अनुसार रोहित की शूटर के रूप में पहचान होने के बाद उसे तत्काल गिरफ्तार करने के बजाय उसके अन्य साथियों के आने का इंतजार किया गया। इस दौरान पप्पू ने रोहित के साथ वीडियो कॉल के माध्यम से कोडवर्ड में बातचीत भी की, तब पुलिस को पता चला कि घटना को अंजाम देने रोहित की मदद करने दो अन्य शूटर रायपुर पहुंच रहे हैं, जिसके बारे में रोहित को भी जानकारी नहीं थी। रोहित ने उन लोगों के पास मोबाइल के माध्यम से संपर्क किया था।

राम-राम बोलकर अलर्ट किया

पुलिस के अनुसार पप्पू के बारे में जानकारी जुटाने के बाद दिल्ली में पहले से तैनात पुलिस टीम को जयपुर रवाना किया गया। पप्पू के ठिकाने में पुलिस के पहुंचने के बाद पुलिस ने रोहित को गिरफ्तार किया। उसी दौरान इत्तेफाक से पप्पू ने रोहित को कॉल किया, तब रोहित ने पप्पू को राम-राम बोलकर अलर्ट किया। इसके बाद पुलिस से बेखबर पप्पू भागने की कोशिश करने लगा, तब रायपुर पुलिस ने जयपुर पुलिस की मदद से उसे घेराबंदी कर पकड़ा।

शहीद स्मारक भवन का रूफ टॉप गार्डन उजाड़ रहे, न स्मार्ट सिटी वालों का पता, न निगम वालों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय स्मार्ट सिटी ने छत के खाली हिस्से में बनवाया रूफ टाप गार्डन
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवनगाथा दर्शाने वाला लेजर शो अरसे से बंद

राजधानी के जीई रोड स्थित नगर निगम के ऐतिहासिक शहीद स्मारक भवन में सालभर पहले रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 40 लाख खर्च कर बनाये गये रूफ टॉप गार्डन को उजाड़ा जा रहा है। वहां लगे टाइल्स सहित अन्य सामानों को उखाड़कर हटाने से छत वाली जगह अब चौड़ी लगने लगी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शहीद स्मारक भवन में जोर-शोर से इस भवन के छत वाले खाली हिस्से में हरे-भरे पेड़ पौधे बड़े आकार के लगाये गये। बैठने के लिए अलग से व्यवस्था की गई और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवन गाथा को दर्शाते लाइट एंड साउंड शो शुरू कराया गया। यह कुछ समय तक आम जनता के लिए प्रदर्शन के बाद बंद कर दिया गया।

शहीद स्मारक भवन के रूफ टॉप गार्डन अब बीते दिनों की याद बनकर रह जायेगी। जिस जगह पर लाखों रुपये खर्च कर आगंतुकों के लिए इसे सुंदर बगीचे सा स्वरूप देकर आकर्षक साज-सज्जा की गई, अब उसी जगह लगाये गये पेड़ पौधों को काटने के बाद टाइल्स उखाड़कर मलबे के रूप में फेंका जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक इसे अब नया लुक देने की तैयारी है। इस संबंध में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के जीएम तकनीकी पीके पंचायती से बातचीत की, तो पता चला कि उन्हें भी इस संबंध में जानकारी नहीं है।

जोन अध्यक्ष से लेकर महापौर तक अनभिज्ञ

नगर निगम जोन 4 अध्यक्ष और निगम सभापति प्रमोद दुबे से जब इस संबंध में हरिभूमि ने वस्तुस्थिति जाननी चाही, तो उनका कहना था कि शहीद स्मारक भवन के उपरी छत पर विकसित रूफ टॉप टॉप गार्डन उजाड़ने की उन्हें जानकारी नहीं है। इस संबंध में वे जल्द निगम के अधिकारी से जानकारी लेंगे। महापौर एजाज ढेबर ने भी इस संबंध में अनभिज्ञता जाहिर की।

बेमेतरा बारूद फैक्ट्री हादसे में मृतक परिवार को दें एक करोड़ मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घटना के चार दिन बाद भी दोषियों पर एफआईआर क्यों नहीं: डॉ महंत

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने बेमेतरा के ग्राम-बोरसी स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड में हुए ब्लास्ट की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, वहां जो ब्लास्ट हुआ वह पूरी तरह से घोर लापरवाही का नतीजा है। राज्य सरकार की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई है। यदि इन्डस्ट्रीयल हेल्थ एंड सेफ्टी अधिकारियों द्वारा बारूद कारखाना में मापदण्डों का पालन सुनिश्चित किया गया होता, तो यह दुर्घटना नहीं होती। मेसर्स स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड प्रबंधन मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ का मुआवजा दे एवं राज्य सरकार मृतक परिवार के एक सदस्य को नौकरी दे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, घटना के चार दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं होने से यह स्पष्ट हो रहा है कि राज्य सरकार दोषियों को बचाना चाह रही है। यह आपराधिक लापरवाही का मामला है, इसलिए एफआईआर तत्काल होना चाहिए। कारखाना अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किसी भी कारखाने में किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जनहानि होने पर ऑक्यूपायर और मैनेजर ये दो पदाधिकारी प्रथम दृष्टया दोषी होते ही हैं। अतः अब और विलंब नहीं करके तत्काल एफआईआर की जाए, ऑक्यूपायर तथा मैनेजर को गिरफ्तार किया जाए और एसआईटी गठित करके विवेचना प्रारंभ की जाए। स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड सहित छत्तीसगढ़ में सभी कारखानों को बंद किया जाए एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की सघन जांच की जाए।

आचार संहिता में राजस्व महकमे के 93 अधिकारी कर्मचारी के दिल्ली-चंडीगढ़ टूर पर उठाए सवाल

- नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा- श्वेत पत्र जारी हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बाद भी नगर निगम के राजस्व अमले के दिल्ली और चंडीगढ़ यात्रा पर भाजपा पार्षद दल और नगर निगम के वरिष्ठ एमआईसी सदस्यों ने सवाल उठाये हैं। 20 से 28 मई तक राजस्व विभाग के 93 कर्मचारी, अधिकारी और कम्प्यूटर आपरेटर के एक साथ टूर को औचित्यहीन बताते हुए वरिष्ठ एमआईसी सदस्य नागभूषण राव ने दो टूक शब्दों में कहा कि इससे शहर के नगर निगम और आम जनता का क्या ताल्लुक है? यहां तो गरीबों पर लगाये जा रहे टैक्स में एकरूपता नहीं है? नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे पूर्व में केरल की यात्रा पर राजस्व के अधिकारी गए इससे नगर निगम को क्या फायदा हुआ? इस पर श्वेत पत्र जारी हो?

राजस्व महकमे के 93 अधिकारी व कर्मचारी दिल्ली और चंडीगढ़ की अध्ययन यात्रा के बाद बुधवार को राजधानी लौट आये। इसमें उपायुक्त राजस्व के साथ अलग-अलग जोन के राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। एक साथ बड़ी संख्या में राजस्व महकमे के अधिकारी-कर्मचारियों के भ्रमण-अध्ययन को लेकर एमआईसी सदस्य और नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाये हैं।

टूर जाने की जरूरत क्या थी? श्रीकुमार मेनन

पिछले बार राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी केरल जाकर आये उस समय भी जानकारी नहीं दी,इस बार आचार संहिता होने के बाद एक साथ 93 लोग अध्ययन, भ्रमण कर आ गये। निगम आयुक्त का यह अपना निर्णय हो सकता है, पर इस बार राजस्व वसूली 400 करोड़ होनी थी। 25 से 40 हजार अवैध नल कनेक्शन शहर में मौजूद हैं, इसकी पड़ताल करने राजस्व महकमे को स्पॉट पर निकलना था। 50 से 60 हजार डायवर्टेड प्लाट जीआईएस सर्वे के बाद चिन्हांकित कर इसके डीडीएन नंबर जारी किये गये हैं। ये ओपन प्लॉट वीआईपी एरिया से लेकर शहर के बाकी इलाकों में स्थित हैं, पर आज तक राजस्व महकमा इसे टैक्स के दायरे में नहीं ला पाया। इन कमियों को यदि दूर कर लिया जाये तो रायपुर नगर निगम को 400 करोड़ का राजस्व हर साल मिलेगा। आज नगर निगम की स्थिति ये है राजस्व वसूली का 90 फीसदी राशि कर्मचारियों के सेलरी में चली जाती है। वार्डों के विकास के लिए नगर निगम के पास पैसे नही हैं। संधारण मद में भी यही हाल है।

एमआईसी सदस्य बिफरे, कहा- कतई उचित नहीं, जनता के पैसों की बरबादी

श्वेत जारी हो : मीनल चौबे

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा, राजस्व अमला पिछले साल केरल की यात्रा पर गया, वहां क्या अध्ययन किया, पूर्व के भ्रमण से नगर निगम को क्या फायदा हुआ पहले हमें ये बताएं। इसके लिए श्वेत पत्र जारी हो। बिना प्लान स्पष्ट किये कौन से क्षेत्र में क्या अध्ययन करने जा रहे हैं, इसकी जानकारी निर्वाचित पार्षदों को नहीं दी गई। बिना जानकारी के चंडीगढ़ और दिल्ली होकर आ गये। प्रत्येक प्रदेश की अपनी संरचना अलग-अलग होती है। इसे समझना होगा।

- नागभूषण राव ने आरोप लगाया कि राजस्व बढ़ाने की नीयत विभागीय अधिकारियों में नहीं है

स्टडी टूर औचित्यहीन : नागभूषण राव

एमआईसी सदस्य नागभूषण राव ने राजस्व महकमे के स्टडी टूर को औचित्यहीन करार दिया है। उनका कहना है, इससे नगर निगम और शहर की आम जनता का क्या ताल्लुक है? जोन 2 के बंजारी माता वार्ड में करारोपण की लचर व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि गरीबों के उपर कर लगाने के मामले एकरूपता नही है। अधिकारी जैसा मर्जी आया वैसा टैक्स वसूल रहे हैं। मैने इसकी दो बार शिकायत की, इस पर संज्ञान लेने पर 2 बार एआरओ बदले गये। मंगलवार की बैठक में मैने निगम आयुक्त से शिकायत की है, वार्ड 5 की रेवेन्यू टीम केवल अवैध वसूली में लगी है। नागभूषण राव ने आरोप लगाया कि राजस्व बढ़ाने की नीयत विभागीय अधिकारियों में नहीं है।

- बोरियाखुर्द में आरडीए की पहली एजेंसी ने अटकाया काम इसलिए नहीं मिला आशियाना

स्वतंत्र ईडब्ल्यूएस मकान बनाने नई एजेंसी तय अब दिसंबर में लोगों को आरडीए देगा पजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बोरियाखुर्द में रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने शहरी गरीब परिवारों के लिए स्वतंत्र ईडब्ल्यूएस मकान बनवाने के लिए अब नई एजेंसी को जिम्मेदारी दी है। साथ ही उन्हें दिसंबर 2024 तक प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए समय दिया है। प्रोजेक्ट पूरा होने के साथ ही कॉलोनी में मकान बुक कराने वाले लोगों को पजेशन देने की प्रक्रिया शुरू होगी। तब तक एजेंसी को कॉलोनी में आने-जाने के लिए सड़क,नाली और बिजली फिटिंग जैसे जरूरी काम के साथ मकान के बचे हुए काम को पूरा करने के लिए जिम्मेदारों ने निर्देश दिया है।

शहर के आउटर इलाके में शहरी गरीबों को स्वतंत्र मकान बनाकर देने के लिए 2018 में रायपुर विकास प्राधिकरण ने प्लानिंग की। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद आरडीए ने 2019 में एजेंसी तय करने की प्रक्रिया शुरू की। इसे देखते हुए लोगों ने प्रोजेक्ट से जुड़ने के लिए आवेदन के बाद मकान भी बुक किया। बैंक से लोन लेने के बाद 7 से 9 हजार रूपए लोग विगत 5 साल से बैंक लोन दे रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें मकान के किराए की मार से राहत नहीं मिली है। ऐसा इसलिए भी हो रहा, क्योंकि आरडीए ने पहली बार तय की गई एजेंसी को 2022 में मकान बनाकर हैंडओवर करने के लिए समय दिया था। एजेंसी ने काम पूरा नहीं किया,तो कार्रवाई के बाद आरडीए ने नई एजेंसी को जिम्मेदारी दी है। अभी प्रोजेक्ट अधूरा है इसलिए लोगों को नई एजेंसी से तय समय में प्रोजेक्ट पूरा करवाने के बाद दिसंबर से पजेशन की प्रक्रिया करने की तैयारी में है।

अब नई एजेंसी कर रही निर्माण

असफाक दानी ने बताया कि मकान बुकिंग के साथ ही आरडीए ने वन-बीएचके का 7 लाख 20 हजार और टू - बीएचके का 8 लाख 60 हजार रुपए बैंक फाइनेंस के बाद ले लिया है। 523 लोगों से पैसा लेने के बाद भी मकान के लिए कई साल से चक्कर लगवा रहे हैं। अब नई एजेंसी से अधूरे काम को पूरा करवा रहे है। अभी वहां जिस रफ्तार से काम चल रहा है, उसे देखते हुए उम्मीद है कि नए साल का स्वागत लोग अपने आशियाने में करेंगे। इस इंतजार में मकान बुक कराने वाले लोग विगत 5 साल से किराए की मार व बैंक की किस्त दे रहे हैं। अपना मकान मिल जाता तो किराए का पैसा लोगों का बचता।

हैंडओवर करने की तिथि तय

नई एजेंसी को निर्माण की जिम्मेदारी देते हुए, प्रोजेक्ट का रिव्यू करके अप्रैल तक हैंडओवर करने निर्देश दिया गया है। कॉलोनी का निर्माण शत-प्रतिशत होने के बाद ही पजेशन देने की प्रक्रिया करेंगे।

- **अनिल गुप्ता,** प्रभारी अधीक्षण अभियंता, आरडीए, रायपुर

अभी और इंतजार करवाएंगे

स्वतंत्र मकान बुक कराने वाली जरीना बेगम ने बताया कि बैंक लोन लेकर मकान खरीदने का सपना भारी पड़ने लगा है। हर महीने लोन की किस्त और मकान का किराया ही 12 से 14 हजार हो जाता है। हितग्राही जमालुद्दीन बताते हैं कि किराए के मकान से राहत पाने के लिए मकान बुक किया। अब निर्माण के लिए नई एजेंसी को जिम्मेदारी देते हुए इंतजार करने के लिए कहा जा रहा है। इसके चलते मकान बुक कराने के बाद भी किराए के मकान से मुक्ति नहीं मिल पाई है। जिम्मेदार कब तक पजेशन देंगे, इसका कोई समय भी नहीं बता रहे हैं। मौके पर नई एजेंसी ने काम शुरू करने के बाद तेजी भी दिखा रही है।

हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 30 मई 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

गर्मियों में विहार के स्थान पर ....

सालभर में 90 हजार टन आलू खा जाते हैं रायपुर वासी बंगाल और उत्तरप्रदेश से आता है छग में सर्वाधिक आलू

प्रथम विश्व आलू दिवस आज : राजधानी के होटल और रेस्त्रां के मेन्यू में भी शीर्ष पर 'आलू'

"राजधानी वासियों की पसंदीदा व्यंजनों की सूची में आलू शीर्ष पर है। इसे लेकर लोगों की दीवानगी इतनी है कि शहर में प्रत्येक वर्ष 90 हजार टन आलू की खपत हो जाती है। अर्थात रायपुर निवासी रोजाना 200 से 250 टन आलू खाते हैं। यही नहीं, शहर के होटल और रेस्त्रां में सर्वाधिक भोजन भी इससे ही तैयार होते हैं।

रायपुर। शहर में आलू उत्तरप्रदेश और बंगाल से मंगाए जाते हैं। इसमें भी उप्र से आने वाले आलूओं की मात्रा अधिक होती है। दिसंबर 2023 में महासभा ने 30 मई को अंतर्राष्ट्रीय आलू दिवस के रूप में नामित किया। इस पहल का उद्देश्य आलू के कई लाभों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है, जिसमें इसके पोषण संबंधित गुण, आर्थिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक मूल्य शामिल हैं। घोषणा के बाद यह प्रथम वर्ष है, जब विश्व आलू दिवस मनाया जाएगा। आलू से तैयार व्यंजन किस व्यक्ति को पसंद नहीं आते। आलू प्रेमियों के लिए आज खास दिन है। 30 मई को विश्व आलू दिवस के रुप में मनाया जाता है। आलू का इतिहास सदियों पुराना है। संपूर्ण विश्व में आलू के कई व्यंजन बनाए जाते हैं। इसे लोग रोजाना भी खाना पसंद करते हैं। सभी सब्जियों में आलू सब्जी की लोकप्रियता अधिक है। लोग आलू से अनेक व्यजंन तैयार कर खाना पसंद करते हैं। एक आंकड़े के मुताबिक 159 देश आलू की खेती करते हैं। 5000 से अधिक किस्में दुनिया भर में आलू की हैं।

इन पकवानों की सर्वाधिक फरमाइश

- आलू खजाना, आलू लच्छेदार और आलू ड्राइगन लोगों की पसंद है। आलू खजाना एक अनोखा डिश है, जिसे मीठा और स्पाइसी दोनों तरह से तैयार किया जा सकता है। मीठा बनाने के लिए इसमें ड्राइफ्रूट डाला जाता है जो लोगों को काफी पसंद आता है।
- **लखनवी दम आलू** को लखनवी स्टाइल में तैयार करते हैं। इसके लिए पनीर, टमाटर और मसालेदार प्याज को आलू में भरकर फ्राई करना होता है।
- **बटाटा वड़ा** महाराष्ट्र की फेमस डिश है, जो घर पर भी बड़ी असानी से तैयार किए जा सकते हैं। इसे बनाने के लिए सिर्फ आलू के ऊपर बेसन लगाकर फ्राई करना हैं। होटल और रेस्त्रां में भी इसकी मांग बनी रहीत है।
- **हनी चिली पटैटो बनाने के लिए** आलू को लंबाई में काटकर मक्के का आटा या मैदे की कोटिंग के बाद डीप फ्राई किया जाता है। इसके बाद इसमें शिमला मिर्च, प्याज, नमक सोया सॉस डालकर चटपटा बनाया जाता है। बारिश के मौसम में इसकी मांग अधिक होती है।
- **आचारी आलू को** सरसो, हरी मिर्च, सिरका और चीनी को मिक्स करके इसे तैयार किया जाता है। यह खाने में हल्का होता है।

औषधीय गुण संग सौंदर्यवर्धक गुण भी

आलू का उद्गम स्थान दक्षिण अमेरिका का पेरु को कहा गया है। यह गेहूं, धान और मक्का के बाद सबसे अधिक उत्पादित होने वाली वस्तुओं में एक है। भारत में यह विशेष रुप से उत्तर प्रदेश में उगाई जाती है। आलू में विटामिन सी, बी कॉम्पलेक्स और आयरन , कैल्शियम, मैंगनीज, फास्फोरस तत्त्व होते हैं। शहर के सौंदर्य विशेषज्ञों के मुताबिक, पोषक तत्वों के अलावा आलू में कई औषधीय गुण होने के साथ सौंदर्यवर्धक गुण भी है, जिसका उपयोग मैकअप प्रोडक्ट के रुप में किया जाता है। इसके अलावा शहर के पार्लर में ब्यूटिशियन के अलावा घरेलू स्तर पर महिलाएं भी सौंदर्य प्रसाधन के रूप में इसका प्रयोग करती रही हैं।

ज्यादातर लोगों को पसंद

एक रेस्त्रां के संचालक योगेश डहरवाल ने बताया, रेस्टोरेंट में आलू वह सब्जी है, जिससे सर्वाधिक पकवान बनाए जाते हैं। आलू हर मौसम में लोगों की पहली पसंद होता है। किसी भी रेस्त्रां के मेन्यू में सबसे अधिक पकवान आलू संबंधित ही होते हैं। फ्रेंच फ्राइज जैसे पकवान भी शीर्ष पर है। शादी-ब्याह में भी आलू से बने व्यंजनों को प्राथमिकता दी जाती है। समोसे लेकर चाट तक आलू के बगैर तैयार नहीं किए जा सकते। अन्य सब्जियों की तुलना में आलू को कई गुना अधिक लंबे वक्त तक रखा जा सकता है। यही कारण है कि होटल संचालक भी इसे प्राथमिकता देते हैं।

पहाड़ी आलू और गोल आलू की खपत सर्वाधिक

आलू प्याज संघ के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया, शहर में रोजाना 200 से 250 टन आलू की खपत होती है। इस तरह से एक माह में लगभग 7500 टन और एक साल में 90,000 टन आलू की खपत होती है। शहर के बाजारों में यूपी और बंगाल से आलू लाया जात है। अधिकतर उत्तर प्रदेश से ही आलू मंगाया जाता है। शहर वासियों में पहाड़ी आलू और गोल आलू की खपत अधिक मात्रा में होती है।

एग्जाम अपडेट

आईएएस के 1056 व वन सेवा के 150 पदों पर भर्ती करेगा यूपीएससी

रायपुर। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण अपडेट है। सूत्रों के अनुसार, यूपीएससी प्रीलिम एग्जाम के लिए एडमिट कार्ड जून माह के पहले सप्ताह में जारी किए जा सकते हैं। हालांकि अभी तक यूपीएससी की ओर से इस बारे में कोई भी आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। अभ्यर्थियों को समय-समय पर ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करने की सलाह दी गई है। यूपीएससी सीएसई प्रीलिम एडमिट कार्ड ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर जारी किए जाएंगे।

सत्यमेव जयते
UPSC

16 जून को होगी परीक्षा

यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से सिविल सेवा प्रारंभिक (सीएसई) परीक्षा का आयोजन 16 जून को देशभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। एग्जाम के दिन अभ्यर्थी केंद्र पर एडमिट कार्ड एवं एक वैलिड पहचान पत्र जैसे- आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, वोटर आईडी कार्ड में से एक अनिवार्य रूप से साथ लेकर जाएं। पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यूपीएससी सिविल सर्विसेज एग्जाम 2024 के जरिए 1206 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें से भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस के 1056 पद और भारतीय वन सेवा के कुल 150 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएगी।

इंटेलिजेंस ब्यूरो 995 पदों के लिए 9 जून को लेगा परीक्षा

इंटेलिजेंस ब्यूरो में असिस्टेंट सेंट्रल इंटेलीजेंस ऑफिसर ग्रेड-2 के रिक्त पदों पर भर्ती हो रही है। इसके लिए टियर-2 एग्जाम का आयोजन निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर 9 जून को किया जाना है। जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के टियर-1 एग्जामिनेशन में सफलता प्राप्त कर चुके हैं वे द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड केवल ऑनलाइन माध्यम से ही डाउनलोड किया जा सकता है। ऑनलाइन माध्यम से होम मिनिस्ट्री की ऑफिशियल वेबसाइट **mha.gov.in** पर जाकर प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए आपको यूजर आईडी एवं पासवर्ड दर्ज करना होगा। इंटेलीजेंस ब्यूरो एसीआईओ भर्ती टियर-2 एग्जाम में सफलता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को अंतिम चरण साक्षात्कार में शामिल होना होगा। इसके बाद अंत में चयनित उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट तैयार की जाएगी। इस भर्ती के माध्यम से 995 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।

एजूकेशन अपडेट

रविवि ने जारी किए एमएससी एलएलबी के पुनर्गणना परिणाम

रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा विभिन्न विषयों के पुनर्गणना परिणामों की घोषणा कर दी गई है। बुधवार को एमएससी फिजिक्त प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, एमएससी बायोटेक प्रथम सेमेस्टर, एमएससी जूलॉजी प्रथम सेमेस्टर, बॉटनी प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के पुनर्गणना परिणामों की घोषणा की गई। इसके अलावा एलएलबी पार्ट-2 के प्रथम सेमेस्टर के परिणाम भी जारी किए। अधिकतर छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है, लेकिन उनके परिणाम अपरिवर्तित रहे हैं। कुछ छात्रों के परिणाम ही बदले हैं। रविवि ने सभी छात्रों के नतीजे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। छात्र अपना रोल नंबर दर्ज कर नतीजे देख सकते हैं।

जून के दूसरे पखवाड़े में जारी होंगे नेट के प्रवेशपत्र

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा अर्थात नेट के जून 2024 सत्र के आयोजन की संशोधित तारीख 18 जून निर्धारित की है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए एजेंसी ने उम्मीदवारों से पंजीकरण 15 मई तक स्वीकार किए थे। इसके बाद उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क का भुगतान 18 मई तक करने और आवेदन में सुधार का 20 मई तक मौका दिया गया था। आवेदन प्रक्रिया के बाद उम्मीदवार अब इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जाने का इंतजार कर रहे हैं। नेट के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जाने की तारीख का ऐलान एनटीए ने नहीं किया गया है। हालांकि, पूर्व सत्रों की परीक्षाओं पैटर्न को देखें तो एजेंसी द्वारा प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि से 2-3 दिन पहले यानी 15-16 जून को जारी किए जा सकते हैं। उम्मीदवार अपना प्रवेश पत्र इस परीक्षा की आधिकारिक वेबसाइट, **ugcnet.nta.ac.in** पर एक्टिव किए जाने वाले लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे।

9 जून को जारी की जाएगी जेईई एडवांस की आंसर-की

रायपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास की ओर से जेईई एडवांस-2024 परीक्षा का आयोजन 26 मई दो शिफ्ट में किया गया था। जेईई एडवांस 2024 आंसर-की आईआईटी मद्रास की ओर से 2 जून को जारी कर दी जाएगी। आंसर-की जारी होने के बाद अभ्यर्थी 2 जून से 3 जून तक उत्तर कुंजी पर अपने फीडबैक एवं कमेंट दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद गठित टीम द्वारा दर्ज की गई शिकायतों का निवारण किया जाएगा। अंत में टीम द्वारा फाइनल आंसर-की तैयार की जाएगी, जो 9 जून को जारी कर दी जाएगी। आईआईटी मद्रास की ओर से फाइनल उत्तर कुंजी के आधार पर ही उम्मीदवारों का रिजल्ट जारी किया जाएगा। रिजल्ट जारी होने के बाद आर्किटेक्ट एप्टिट्यूट टेस्ट 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे। अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन 9 से 10 जून तक कर सकेंगे। जेईई एडवांस से जुड़ी अधिक डिटेल के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

शहर में 50 तरह की कुल्फी, सेहत के लिए खरीद रहे ड्राईफ्रूट्स और फलों के फ्लेवर वाली आइसक्रीम

रायपुर। आइसक्रीम खाना किसे पसंद नहीं होता, यह बच्चों के साथ बड़ों को भी पसंद आती है। जब तापमान 46 डिग्री पार होता नजर आए तो लोग दुकानों में मनपसंद आइसक्रीम लेने पहुंच जाते हैं। शहर स्थित दुकान संचालक ग्राहकों की मनपसंद आइसक्रीम और कुल्फी दुकान में रखते हैं। अन्य मौसम के मुकाबले गर्मी में ग्राहकों की भीड़ रोजाना नजर आती है। बीते कुछ सालों से आइसक्रीम और कुल्फी की डिमांड में वृद्धि हुई है। लोग अपने मनपसंद फ्लेवर के आइसक्रीम और कुल्फी खाना पसंद कर रहे हैं। लोग अपने हेल्थ को ध्यान में रखते हुए ड्राईफ्रूट एवं नेचुरल आइसक्रीम खाना पसंद कर रहे हैं। दुकान संचालकों का कहना है कि आइसक्रीम प्रेमी किसी भी मौसम में इसे खाना पसंद करते हैं, लेकिन गर्मी में इसकी मांग बढ़ जाती है। इसे देखते हुए अन्य मौसम की तुलना में गर्मियों में अधिक मात्रा में आइसक्रीम मंगाई जाती है।

फ्रूट शेक की भी डिमांड

तेलीबांधा स्थित कुल्फी हाउस के संचालक अमितोज सिंग ने बताया, दुकान में 40 से 50 वैयारटी की कुल्फी मौजूद है। जिसमें रोजाना 150 से 200 कुल्फी की ब्रिकी होती है। आइसक्रीम के साथ ही शेक की डिमांड भी अधिक है, जो लोगों की पहल पसंद है। आइसक्रीम और शेक का फ्लेवर लोग उम्र के अनुसार चुनते हैं। जिसमें बच्चों को चॉकलेट शेक पसंद आता है। वहीं बड़ों को ड्राईफ्रूट के शेक पसंद आते हैं। हल्के गर्म मौसम में लोग शेक पीना पसंद करते हैं, जो बड़ों के साथ बच्चों के लिए भी अच्छा होता है।

चॉकलेट फ्लेवर बच्चों की पहली पसंद

नेचुरल फ्रेश आइसक्रीम के संचालक विजय अग्रवाल ने बताया, रोजाना लगभग 70 से 100 लोग आइसक्रीम की खरीदी बड़ी मात्रा में करते हैं। लोग अपने पसंद अनुसार फ्लेवर खरीदते हैं। दुकान में तीन कैटेगरी के आइसक्रीम मौजूद हैं। नेचुरल फ्रूट्स, चॉकलेट और ड्राईफ्रूट इसमें शामिल है। इसमें 20 से अधिक फ्लेवर आइसक्रीम के मौजूद हैं। बच्चों की पहली पसंद चॉकलेट फ्लेवर के आइसक्रीम हैं। परिजन भी बच्चों के अनुसार ही खरीदी करना पसंद करते हैं। मौसम के बदलते ही दुकान में खरीदारों की संख्या कम हो जाती है, लेकिन गर्मी होते ही दुकान में खरीदार नजर आने लगते हैं।

बच्चे सीखेंगे बैलेंस लाइफ कॅरियर और सोशल वर्क

रायपुर। राजधानी में नेशनल इवेंट जैस्मिन होने जा रहा है। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रोग्राम बच्चों के लिए सालासर धाम में आयोजित किया गया है। पूरे उत्तर भारत से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 90 बच्चे इसमें प्रतिभागी के रूप में आ रहे हैं। इस इवेंट में बच्चों को बैलेंस लाइफ, कॅरियर, सोशल वर्क और वे सभी स्किलस जो बच्चों को उपलब्धियां हासिल करने में उनकी मदद करेंगी, ऐसे मुद्दों पर ट्रेनिंग दी जाएगी। इस तीन दिवसीय ट्रेनिंग में बच्चों के लिए सालासार में ही रहने और खाने पीने की व्यवस्था की गई है। मुख्य फैकल्टी के रूप मुंबई से निशा चाण्डक उपस्थित रहेंगे। लुधियाना, पंजाब और साउथ से भी ट्रेनर्स आ रहे हैं। वामा की संपादिका दीया मूलचंदानी ने बताया, जैस्मिन जेसीआई इंडिया का ट्रेनिंग प्रोग्राम है जिसे होस्ट करने का बीड़ा जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल ने उठाया है। फ्यूचर ट्रेनिंग के साथ साथ मनोरंजन और स्किल डेवलपमेंट को ध्यान में रखकर ये पूरा प्रोग्राम बच्चों के लिए डिजाइन किया गया है। 31मई सुबह 10 बजे से 2 जून शाम 7 बजे तक ये प्रोग्राम आयोजित है। इसके लिए एक माह पूर्व ही रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

राष्ट्रीय विधि विवि में नए आपराधिक कानून श्रृंखला पर विशेष कार्यशाला

नए कानून लागू करते वक्त शुरुआत में आएंगी समस्याएं, देना होगा इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य पर जोर

कार्नर न्यूज

राष्ट्रीय विधि विवि और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा नए आपराधिक कानून श्रृंखला पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम रखा गया। 27 मई से प्रारंभ हुए इस आयोजन का 29 मई को समापन हुआ। नए कानूनों के संबंध में जानकारी प्रदान के करने के साथ इस पर विस्तृत विचार-विमर्श भी हुआ। इसका उद्घाटन सत्र 27 तारीख को हुआ, जिसमें चेन्नई के उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति पीएन प्रकाश मुख्य अतिथि रहे। तकनीकी सत्र में उन्होंने वक्तव्य दिया।

दूसरे चरण में शामिल हुए डीआईजी और एसपी

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे चरण में डीआईजी और एसपी शामिल हुए। इसके बाद तीसरे चरण में 5-दिवसीय कार्यक्रमों के मॉड्यूल के माध्यम से पुलिस बल के 6 बैचों को प्रशिक्षण दिया गया। इस पहल का लक्ष्य लगभग 1000 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करना रहा। छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा भी इसका हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने इस तरह के भारत में अपनी तरह के पहले विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस और एचएनएलयू के प्रयासों को मान्यता दी है और उनकी सराहना की है।

रायपुर। नए आपराधिक कानूनों की मसौदा समिति के पूर्व अध्यक्ष और एचएनएलयू में प्रतिष्ठित न्यायविद प्रोफेसर रणबीर सिंह सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहे। एचएनएलयू के कुलपति प्रो.वीसी विवेकानंदन ने कहा कि नए कानून पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य पर जोर देने के साथ तैयार किए गए हैं। कानूनों के कार्यान्वयन संबंधित अनुभव के आधार पर ये सुव्यवस्थित हो जाएंगी। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली में सहायक प्रोफेसर डॉ. नीरज तिवारी, आपराधिक कानून सुधार के लिए मसौदा समिति के सदस्य राघवेंद्र श्रीवत्स, सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनिवास राव सहित अन्य विशेषज्ञ इसका हिस्सा बने।

विधि विवि और पुलिस बल के मध्य हो सहयोग

प्रो. रणबीर सिंह ने आपराधिक कानून में बदलाव की आवश्यकता को रेखांकित किया और प्रवर्तन अधिकारियों की बहुमुखी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अब प्रवर्तन अधिकारियों को टेक्नोक्रेट और सामाजिक रूप से संवेदनशील एजेंट दोनों के रूप में कार्य करना चाहिए। न्यायमूर्ति पीएन प्रकाश ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों और पुलिस बलों के बीच सहयोग के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन के शुरुआती चरणों में आने वाली चुनौतियों के विषय में बताया। क्षमता निर्माण अभ्यास में एक प्रमुख कदम के रूप में प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यापक संरचना पर बल दिया।

सिटी इवेंट

विफलताओं के बावजूद निराशा नहीं, यह आत्मबल के कारण

रायपुर। गोलियां खाकर डिप्रेशन दूर करने वालों को चाहिए कि वे एक बार सावरकर को पढ़ लें। उनका डिप्रेशन हमेशा के लिए दूर हो जाएगा। उनके जीवन में ऐसी घटनाएं एक के बाद एक होते चली गईं जो उन्होंने सोची ही नहीं थी। लगातार विफलताओं के बावजूद सावरकर न कभी निराश हुए और न ही अपने लक्ष्य से भटके। उनके अटूट आत्मबल, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, लेखन कौशल, सहनशीलता, बुद्धिमता, वाकपटुता जैसे अनेक गुणों से आसपास के लोग ही उनसे प्रभावित नहीं थे, बल्कि उनके विचारों से आलोचकों से लेकर ब्रिटिश शासन के अधिकारी भी उनकी अनदेखी नहीं कर पाते थे। वीर सावरकर जयंती पर उक्ताशय के विचार प्रफुल्ल पेंडसे ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा, वीर सावरकर को दो विभिन्न प्रकरणों में 25-25 साल की कैद हुई थी। इसके लिए उन्हें अंडमान निकोबार के सेल्यूलर जेल ले जाया गया। जेल के नारकीय जीवन में अवसाद तो उन्हें छू तक नहीं गया था।

बाल्यकाल में ही बनाया समूह

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक तोपलाल वर्मा ने कहा, बाल्य काल में ही विनायक दामोदर सावरकर ने मित्र मेला समूह बनाकर आजादी के बारे में विचार करना शुरू कर दिया था। युवावस्था में सावरकर ने अभिनव भारत संस्था बनाकर छात्रों को संगठित किया था। वह एकमात्र ऐसे छात्र थे, जिन्हें पुणे के फर्ग्युसन कॉलेज से वंदेमातरम का नारा लगाने के कारण निष्कासित किया गया था। सचिव चेतन दंडवते और सह सचिव गीता श्याम दलाल ने किया। आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन की ओर से किया गया।

इवेंट लाइव

सुनामी व जायन्ट फ्रिस्बी का क्रेज बच्चों को भा रही रंगीन मछलियां

रायपुर। गर्मियों के इस मौसम में जहां लोग दोपहर के वक्त तपती दोपहरी में बाहर निकलना भी पसंद नहीं कर रहे हैं, तो वहीं देर शाम-रात शहर में लगने वाले मेलों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए इन मेलों में बच्चों के लिए खास तरह के झूले भी लगाए गए हैं। रावणभाटा मैदान में लगाए गए डिज्नीलैंड मेले में बच्चों के लिए विविध आकर्षक झूले सजाए गए हैं। झूलों में दो नए तरह के झूले सुनामी और जायन्ट फ्रिस्बी को शामिल किया गया है। इसके अलावा यहां 80 फीट के टनलनुमा एक्वेरियम में 45 प्रजाति की 15000 से ज्यादा रंग-बिरंगी मछलियां हैं। छोटे बच्चों में इसे लेकर भी उत्साह देखा जा रहा है।

केकडा बेडशीट अफगानी सूट भी

यहां क्राफ्ट बाजार का अलग सेक्शन रखा गया है, जहां देशभर के बुनकरों के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, लाइफस्टाइल, होम डेकोर, फर्नीचर व एसेसरीज की विशाल श्रृंखला है। एक्सपो में इनके कई स्टाल लगे हुए हैं, जिसमें मुख्य आकर्षण के रूप में कश्मीरी साड़ी, कोलकाता साड़ी, कोसा सिल्क, बम्बू सिल्क, बनारसी सिल्क, भागलपुरी लिनेन साड़ी, चंदेरी सिल्क, लखनवी चिकन, डेनिम कुर्ती, बाटिक प्रिंट, जयपुरी वन पीस, पंजाबी फुलकारी, खादी शर्ट, मोदी जैकेट, अफगानी सूट, झांसी बेडशीट, केकडा बेडशीट, जयपुरी बेडशीट लोगों को पसंद आ रहे हैं। महिलाओं और युवतियों को फैंसी ज्वेलरी, स्टोन ज्वेलरी, राजस्थानी एंटीक ज्वेलरी, फिरोजाबाद के बैंगल्स भा रहे हैं।

समाज इवेंट

काव्य गंगा में हुई भावनाओं की अभिव्यक्ति, रचनाओं ने हंसाया

रायपुर। "शब्द-शब्द को जोड़-जोड़कर करते हम रचनाएं हैं, अक्षर ने इतिहास रचा है, शब्दाक्षर ही कविताएं हैं।" कवि छविलाल सोनी ने इन पंक्तियों के साथ तालियां बटोरी। अवसर था राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर की छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा आयोजित काव्य संध्या का। वृंदावन हॉल में इसका आयोजन किया गया था। रत्ना पांडेय द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना का गायन कर सभागार को संगीतमय कर दिया गया। अध्यक्षता हिंदी की सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ.अर्चना श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि समाज सेवा में अग्रणी कवयित्री मंजू यदु और शब्दाक्षर की साहित्य मंत्री मधु सक्सेना रही। संस्था के अन्य सदस्य भी इसका हिस्सा बने। संस्था की स्थापना से लेकर अब तक उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी उनके द्वारा दी गई।

कविताओं में तत्कालीन समस्याएं

काव्य गोष्ठी में शहर के स्थापित और चर्चित कवि-कवयित्रियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और देर शाम तक काव्य गंगा प्रवाहित होती रही। नीलिमा मिश्रा, दिलीप बरवंडकर, चंद्रकांता अग्रवाल, आलिम नकवी, सुरेश तिवारी, प्रदीप यदु, मंजू यदु, चंद्रकला त्रिपाठी सहित शहर के कवि कवयित्रियों ने शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उनके द्वारा विविध रसों की कविताएं पेश की गईं। कुछ कवियों ने अपनी हास्य रचनाओं से सबको हंसाया तो कुछ ने तत्कालीन समस्याओं पर अपनी रचनाओं के जरिए प्रकाश डाला। श्रृंगार रस की कविताएं भी बड़ी संख्या में पेश की गईं।

● राजधानी के प्रमुख जैन मंदिरों में चातुर्मास के लिए प्रारंभ हुई तैयारी

गर्मियों में विहार के स्थान पर ग्रीष्मकालीन वाचना, मुनि जहां हैं वहां रहकर करते हैं अनुष्ठान, पदयात्रा सूर्योदय के कुछ घंटों बाद तक

भीषण गर्मी से पूरा देश जूझ रहा है। देश के कई हिस्सों में तापमान 50 के करीब पहुंच चुका है तो छत्तीसगढ़ के भी कई जिलों में तापमान 47 डिग्री तक रिकॉर्ड किया गया है। इस भीषण गर्मी को देखते हुए जैन समाज के लोग मुनिवर से अनुरोध कर रहे हैं कि वे विहार स्थगित करें। इसके अलावा शहर के जिनालयों में 17 जुलाई से शुरू होने वाले चातुर्मास का शुभ सानिध्य मिले, इसलिए समाज के लोग विनती भी कर रहे हैं।

17 जुलाई से चातुर्मास की शुरुआत

साल 2024 में चातुर्मास की शुरुआत 17 जुलाई दिन बुधवार से हो रही है। इसका समापन 12 नवंबर यानी देवउठनी एकादशी पर होगा। मुनियों के पास चातुर्मास के लिए आग्रह करने के लिए जाने वाले समाज के लोग उनसे भीषण गर्मी को देखते हुए निवेदन कर रहे है कि वे वर्तमान में जिस भी स्थान पर विराजमान हैं, वहां कुछ दिन अपने विहार को स्थगित करते हुए रुकें। अभय भंसाली, प्रणय बुरड़, महेन्द्र कोचर, विकास धाड़ीवाल, गजराज पगारिया ने बताया कि उनके द्वारा श्रीसंघ से आग्रह किया गया है। श्राविकाओं से भी निवेदन किया गया है कि वे अपनी दिनचर्या व व्यवस्था ऐसी रखें कि मसा साहब को निर्दोष गोचरी और पानी की सुलभ व्यवस्था मिल सके।

रायपुर। समाजजन आग्रह कर रहे हैं कि वर्तमान में संत-मुनि जहां हैं, वहीं रूकें। कई जैन मंदिरों में होने वाले चातुर्मास संबंधित आयोजनों के लिए समाज के संतों व मुनियों ने विनती स्वीकार की है। उनके सानिध्य का अवसर भी समाज को इस चातुर्मास में मिलेगा। इसके लिए भी उनके द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। महावीर ज्ञान विद्यासंघ के मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने बताया, जैन मुनि प्रतिदिन

विहार करते हैं। केवल चातुर्मास में उनका विहार स्थगित रहता है। वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में सूर्योदय के पश्चात कुछ घंटों तक ही जैन मुनियों द्वारा विहार किया जाता है। इसके पश्चात धूप चढ़ती जाती है और गर्मी बढ़ जाती है। गर्मी का प्रकोप तेज होने पर विहार के स्थान पर ग्रीष्मकालीन वाचना की जाती है। इसके अंतर्गत जैन मुनि पदयात्रा ना करते हुए जिस स्थान पर हैं, उसी स्थान पर विविध अनुष्ठान करते हैं। इसमें जन कल्याण के लिए अनुष्ठान, पूजन, अभिषेक, पंच कल्याणक आदि शामिल होते हैं।

भीषण गर्मी में 77वां उपवास

विराग मुनि महाराज का बुधवार को 77वां उपवास भीषण गर्मी में गतिमान है। उपवास के दौरान वे सूर्योदय से सूर्यास्त के बीच केवल गर्म पानी का उपयोग कर रहे हैं। इस चातुर्मास में वे शहर में होंगे। विराग मुनि का चातुर्मास श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी एमजी रोड़ में होगा। दीपिका महासतीश्री इस चातुर्मास के लिए धमतरी से विहार करते हुए रायपुर प्रवास में है। श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में भी चातुर्मास पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

100 किमी विहार कर पहुंचे भिलाई

तेरापंथ परंपरा में अमोलक भवन सदर बाजार में चातुर्मास के लिए मुनिश्री सुधाकरजी, मुनिश्री नरेशजी महाराज आने वाले हैं। वे करीब 1100 किलोमीटर विहार करते हुए दक्षिण से बुधवार को भिलाई स्थित तेरापंथ पोरवाल भवन पहुंचे। वहीं ज्ञान वल्लभ उपाश्रय, विवेकानंद नगर में चातुर्मास के लिए मुनि प्रियदर्शी विजयजी महाराज का आगमन होगा। रायपुर में साधुमार्गी जैन संघ के अंतर्गत चातुर्मास के लिए आग्रह स्वीकार किया है। मुनिश्री रायपुर के मूल निवासी जैन साधु हैं। आध्यात्मिक समर्पण का जीवन जीते हुए तपस्या के मार्ग पर हैं।

सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र

मोबाइल की जगह परिवार को दें अपना खाली वक्त मैसेज की जगह कॉल पर बात करना अधिक सेहतमंद

सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स के जवानों के लिए मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों पर जागरूकता सत्र रखा गया। यहां उन्हें मानसिक रोगों से जुड़ी विविध जानकारियां प्रदान की गई। बुधवार सुबह 11:30 बजे रायपुर एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल भवन में सीआईएसएफ एएसजी कर्मियों के लिए यह सत्र रखा गया।

रायपुर। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ.डीएस पारिहार ने सीआईएसएफ कर्मियों को विभिन्न मुद्दों जैसे अवसाद, चिंता और इनसे आत्महत्या की प्रवृत्ति कैसे बढ़ती है, के बारे में जागरूक किया। विशेषज्ञ ने तनाव प्रबंधन और इसे जीवन में नियंत्रित करने के तरीकों पर भी जोर दिया। इसके अलावा मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने और दैनिक जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के तरीकों पर चर्चा की गई। विमानन सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार और सतर्कता अधिकारी अरविंद सहित फोर्स के जवान बड़ी संख्या में इस दौरान उपस्थित रहे।

संदेश से बेहतर आवाज

परिजनों और दोस्तों से बात करने के लिए मैसेज भेजने की जगह कॉल करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि मैसेज भेजते समय हमें स्क्रीन पर अधिक समय देना होता है, जबकि फोन पर बात करने के दौरान ऐसा नहीं होता है। इसलिए अच्छा है कि फोन करके बात की जाए। इसके अतिरिक्त टाइम मैनेजमेंट संबंधित अन्य चीजों के बारे में विस्तार से इस दौरान बताया गया। अच्छा कार्य करने और तनाव को स्वयं से दूर रखने के लिए प्रेरित किया गया।

रील्स देखने में व्यर्थ ना करें समय

विशेषज्ञों ने इस दौरान कहा कि जीवन में तनाव से बचने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण तनाव प्रबंधन है। यदि आपने तनाव प्रबंधन सीख लिया तो आपके जीवन में तनाव का स्तर घट जाएगा। जब आप आपातकालीन सेवाओं में तैनात रहते हैं, उस दौरान कई बार हमें अतिरिक्त वक्त मिल जाता है। इस समय का इस्तेमाल सोशल साइट्स पर रील देखने में ना करें। इससे बेहतर विकल्प है कि आप अपने परिवार और दोस्तों से बात करें। इससे तनाव का स्तर घट जाता है।

एनआईटी से लेकर आईआईएम तक, संस्थानों ने साझा की भविष्य के लिए अपनी योजनाएं

रायपुर। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कई तरह के आयोजन हो रहे हैं। इसके अलावा अमृतकाल विजन डॉक्यूमेंट भी विभागों द्वारा तैयार किए जा रहे हैं। शिक्षा विभाग द्वारा भी इस दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। तकनीकी शिक्षा से लेकर अन्य शैक्षणिक संस्थानों द्वारा इसमें हिस्सेदारी निभाई जा रही है। इसी कड़ी में राज्य नीति आयोग द्वारा बैठक ली गई। अमृत काल विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए गुणवत्ता युक्त शिक्षा विषय पर गठित वर्किंग ग्रुप की प्रथम बैठक राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह द्वारा बुधवार को नीति भवन नवा रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। नीति आयोग के सदस्य डॉ.के.सुब्रमण्यम ने राज्य नीति आयोग द्वारा अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन-2047 तैयार करने के लिए गठित कार्य समूहों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए निर्धारित प्रमुख लक्ष्यों, प्रमुख चुनौतियों तथा विभागीय विजन संबंधी प्रस्तुति दी गई। डॉ. धीरेन्द्र तिवारी, स्कूल शिक्षा विभाग सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, तकनीकी शिक्षा सचिव डॉ. एस.भारतीदासन सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे। एससीईआरटी, छग कौशल विकास प्राधिकरण, छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, आईआईटी भिलाई, आईआईएम रायपुर, एनआईटी रायपुर के प्रतिनिधि भी इसका हिस्सा बने।

वाचनालय में होगा सुविधाओं का विस्तार

शहर के विभिन्न वाचनालयों में छात्रों को विविध तरह की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। यहां प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का जायजा कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने लिया। उन्होंने आनंद नगर स्थित लाइब्रेरी एवं आनंद समाज वाचनालय का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने श्री लाल बहादुर शास्त्री लाईब्रेरी में विद्यार्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था तथा अन्य उपलब्ध सुविधा की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर आनंद समाज वाचनालय भी गए वहां अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से चर्चा कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा शहर के मध्य में युवाओं के अध्ययन के लिए लाईब्रेरी-रीडिंग जोन की व्यवस्था की गई है।

शिव महापुराण : अमलेश्वर में लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने जाना भक्ति मार्ग

खुद का चश्मा खराब हो तो सबमें दिखाई देती है मात्र बुराई भगवान को बाजार की मिठाई नहीं, घर का बना भोग लगाएं

कार्नर न्यूज

रायपुर। आप शिव को जानने का प्रयास कर रहे हैं, तो यह भी शिव कृपा से ही संभव है। जिसके ललाट (मस्तक) पर शिव ने सील लगा दिया, वही पंडाल में पहुंचे हैं। जिसके ऊपर शिव की कृपा होती है, वही शिव महापुराण करवा सकता है। शिव को बाजार की मिठाई नहीं बल्कि अपने घर में खुद बनाकर भोग लगाएं। जिस घर के मंदिर में भगवान चकाचक होते हैं, समझ लो वहां सब चकाचक होता है। यह बात बुधवार को प्रख्यात कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने कथा श्रोताओं के बीच तीसरे दिन कहीं। तुम्हें रो-रो पुकारे भोलेनाथ...भजन पर भीषण गर्मी में पहुंचे लाखों लोग झूमते हुए नजर आए। भीषण गर्मी के बाद भी लाखों लोगों की भीड़ उमड़ी रही। कथा सुनने पहुंचे लोगों में सर्वाधिक संख्या महिलाओं की रही। कई अपने साथ छोटे बच्चों को लेकर पहुंची रही।

भोले की कृपा सभी पर समान

कथा सुनने केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, प्रजापति ब्राम्हकुमारी संस्थान की सविता दीदी भी पहुंचीं। वहीं पं. मिश्रा ने कहा, मां बच्चों को बराबर स्तन पान कराती है। कम या ज्यादा नहीं मानती है। वैसे ही भोलेनाथ कि कृपा भी सभी पर एक जैसी बरसते रहती है। आपका धन कम-ज्यादा हो सकता है, लेकिन इसमें दोष शिव का नहीं है। जैसा कर्म वैसा ही फल मिलता है, इसलिए धन के पीछे कभी भागना नहीं चाहिए। अगर भागना है तो भोलेनाथ के पीछे भागो।

अगर कुछ नहीं तो कोई बात नहीं

अगर किसी के पास कुछ नहीं तो कोई बात नहीं, लेकिन आपके पास इतना बड़ा दिल जिसने दिया है वह तो तुम उसे दे ही सकते हो। जिस दिन तुमने अपना दिल शिवजी को दे दिया, उस दिन से तुम्हें और कहीं जाने की जरुरत नहीं। कथावाचक ने कहा कि बचपन व जवानी निकल गई तो कोई बात नहीं, पर बुढ़ापा नहीं निकलने दें। अपने घर में भगवान के आस-पास और मंदिर को साफ-सुधरा रखें।

जरूरी है खुद की जांच

आगे कहा कि जिसने भोलेनाथ पर भरोसा किया, उसे भोलेनाथ ने भरपूर दिया है। कथा स्थल में सात दिनों का नेत्र शिविर लगा है। यहां आप अपनी आंखों का जांच जरूर कराएं। लाल चश्मा पहनोगे तो सब लाल, नीला चश्मा पहनोगे तो सब नीला दिखेगा। लेकिन शिव की भक्ति का चश्मा पहनोगे तो कोई बुरा नहीं दिखेगा। न सास बुरी, न ननद बुरी, न पति बुरा। खुद का चश्मा खराब हो तो सब बुरा दिखाई देता है। प्रदेश के लोगों को शिव कथा को सुनने का सौभाग्य मिला है।

सिटी स्पोर्ट्स

राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में रायपुर की समिधा ने छग को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया

रायपुर। असम के तेपेसिया में आयोजित राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप व प्रो नाइट फाइट में छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन कर अब तक दो स्वर्ण, एक रजत और 6 कांस्य पदक सहित कुल 9 पदक प्राप्त किए हैं। 30 मई को चैंपियनशिप के अंतिम दिन छग के पदकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। विवेकानंद एकेडमी रायपुर की समिधा ने स्वर्ण जीतकर छग को दूसरा स्वर्ण दिलाया। वहीं, बस्तर के एलेक्स, विवान, पुष्कल, अन्वी, रायपुर की पल्लवी और शुभांश ने कांस्य पदक जीता। चैंपियनशिप में 29 राज्यों के लगभग 850 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

28 मई को सब जूनियर वर्ग के मुकाबले प्रारम्भ हुए, जिसमें श्री गुजराती स्कूल रायपुर के घृतेश साहू ने स्वर्ण जीत कर छग के पदकों का खाता खोला था। वहीं, इसी स्कूल की मंजू साहू और मानसी तांडी ने कांस्य पदक जीताकर छ ग के पदकों की संख्या 03 पहुंचाई थीं। वहीं, 29 मई को 12 -13 वर्ष की बालिका वर्ग में विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी रायपुर की समिधा अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में आंध्र प्रदेश की खिलाड़ी को हराकर छत्तीसगढ़ के लिए दूसरा स्वर्ण जीता। वहीं, जगदलपुर के अब्दुल मोईम प्रशिक्षण केन्द्र के एलेक्स कुमार 11 वर्ष के 36 किलो वजन वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता। उसे फाइनल में मणिपुर के खिलाड़ी ने पराजित किया। साथ ही बस्तर के इसी प्रशिक्षण केन्द्र के विवान बाजपेई (10 वर्ष, 32 किग्रा), अन्वी जैन (11 वर्ष, 40 किग्रा) और पुष्कल जैन (13 वर्ष, 48 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। जबकि, रायपुर की श्री गुजराती स्कूल की पल्लवी साहू (23 वर्ष, 63 किग्रा) और विवेकानंद एकेडमी के शुभांश मानिकपुरी (17 वर्ष, 75 किग्रा) ने भी कांस्य पदक जीता।

जून में इन 3 बर्थ डेट वालों पर बरसेगी शनिदेव की कृपा

अंक ज्योतिष में साल 2024 को शनि का साल माना गया है। मान्यता है कि किसी भी माह के 8, 17 और 26 तारीख में जन्मे लोगों पर शनिदेव की विशेष कृपा होती है। ज्योतिष शास्त्र में जिस तरह 12 राशियों का वर्णन किया गया है। वैसे ही अंक ज्योतिष में अंकों का बड़ा महत्व है। मान्यता है कि राशियों की तरह ही हर एक मूलांक का भी संबंध किसी न किसी ग्रह से होता है। किसी व्यक्ति के जन्म की तारीख को इकाई अंक तक जोड़ें और तब जो संख्या आएगी, उसे ही आपका मूंलाक कहा जाएगा। वहीं, जब आप अपनी जन्म तिथि, महीने और वर्ष को इकाई अंक तक जोड़ें और तब जो संख्या आएगी, उसे भाग्यांक कहा जाएगा। उदाहरण के लिए 8, 17 और 26 को जन्में लोगों का मूलांक 8 (8+0=1+7=2+6=8 होता है। अंक ज्योतिष में मूलांक 8 वालों के स्वामी ग्रह कर्म और न्याय के देवता भगवान शनि माने गए हैं।

डेट ऑफ बर्थ 8 : जून महीने में शनिदेव की कृपा से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। करियर की दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा। कड़ी मेहनत का फल मिलेगा। व्यापार में तरक्की करेंगे। लाइफ में पॉजिटिविटी बढ़ेगी। आपके सभी सपने साकार होंगे। अपने लक्ष्यों को लेकर महत्वकांक्षी नजर आएंगे। मन प्रसन्न रहेगा। नए कार्यों के शुरुआत के लिए बेहद शुभ समय रहेगा।

डेट ऑफ बर्थ 17 : आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। शनिदेव की कृपा से धन की तंगी से छुटकारा मिलेगा। ऑफिस में लीडरशिप क्वालिटी की प्रशंसा होगी। करियर में नई अचीवमेंट मिलेगी। हर कार्य में उम्मीद से भी बेहतर परिणाम मिलेंगे। नौकरी-बिजनेस में तरक्की के कई सुनहरे अवसर मिलेंगे। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। निर्णय लेने की क्षमता अच्छी होगी। विचारों में स्पष्टता आएगी। यात्रा के योग बनेंगे।

डेट ऑफ बर्थ 26 : किसी भी महीने की 26 तारीख को जन्मे लोगों पर जून में शनिदेव मेहरबान रहेंगे। इंकम के नए सोर्स बनेंगे। धन की तंगी से छुटकारा मिलेगा। रिश्तों में सुधार आएगी। साथी संग रिश्ता मजबूत होगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में जीत आपकी होगी। इस माह नया घर या वाहन की खरीदारी के योग बनेंगे। कॅरियर से जुड़े शुभ समाचार मिलेंगे।

ब्लड में जमा हो रहे बैड कोलेस्ट्रॉल और प्लाक को हटाने का करता है काम

दिल की सेहत को सही रखने के लिए ऐसे बढ़ाएं शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल

कोलेस्ट्रॉल का नाम लेते ही हर किसी को बैड कोलेस्ट्रॉल की चिंता सताने लगती है। जो कि शरीर और खासतौर पर हार्ट हेल्थ के लिए जरा भी अच्छा नहीं है। लेकिन, बैड कोलेस्ट्रॉल के साथ ही शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल भी होता है। जिसे हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन कहते हैं। बॉडी को इस गुड कोलेस्ट्रॉल की जरूरत होती है। लेकिन जब बैड कोलेस्ट्रॉल शरीर में ज्यादा हो जाता है तो ये एचडीएल की मात्रा कम हो जाती है। शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बढ़ाने के लिए इन फूड्स को खाना शुरू कर दें।

क्या है गुड कोलेस्ट्रॉल

हाई डेंसिटी कोलेस्ट्रॉल किसी क्लीनर की तरह काम करता है और ब्लड में जमा हो रहे बैड कोलेस्ट्रॉल और प्लाक को हटाने का काम करता है। धमनियों और ब्लड वेसल्स में जमा हो रहे प्लाक को हटाने की वजह से ही हार्ट डिसीज, हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खतरे को कम करने में गुड कोलेस्ट्रॉल मदद करता है।

साबुत अनाज

डाइट में साबुत अनाज को शामिल करने से गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने में मदद मिलती है।

मोनोसैचुरेटेड फैट

मोनोसैचुरेटेड फैट हेल्दी फैट्स होते हैं और इसकी मदद से एचडीएल को बढ़ने में मदद मिलती है। दूसरे हार्मफुल फैट की बजाय इन फैट्स को शामिल करें। ऑलिव ऑयल, पीनट ऑयल, एवाकाडो, बादाम, हेजलनट्स, पीनट बटर, पंपकिन सीड्स, तिल।

सॉल्यूएबल फाइबर से बढ़ेगा गुड कोलेस्ट्रॉल

ओट्स, फल, सब्जियां, दालों में मौजूद सॉल्यूएबल फाइबर गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है। स्टडी के मुताबिक सॉल्यूएबल फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को घटाकर गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है।

कैल्शियम

कई सारी स्टडीज में पता चला है कि कैल्शियम सप्लीमेंट्स कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने जिसमे एचडीएल की मात्रा ज्यादा होती है, मदद करते हैं।

ओमेगा 3 फैटी एसिड

ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट जिसमे अखरोट, अलसी शामिल है। इन्हें खाने से शरीर में ओमेगा 3 की सप्लाई होती है। जो एचडीएल का लेवल बढ़ाने और कॉर्डियोवस्कुलर के रिस्क को कम करता है।

फर्श पर बैठने के फायदे जानकर छोड़ देंगे कुर्सी पर बैठना

पूरे दिन में कम से कम कुछ मिनट के लिए ही सही व्यक्ति को रोजाना फर्श पर बैठने की आदत जरूर डालनी चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति को सेहत से जुड़े कई फायदे मिलते हैं। भारत में जमीन पर बैठकर खाना खाने की प्रथा काफी पुरानी रही है। हालांकि, बदलती जीवनशैली के चलते आजकल लोग टेबल-कुर्सी पर बैठकर भोजन करना ज्यादा पंसद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं रोजाना कुछ देर फर्श पर बैठना सिर्फ एक प्रथा मात्र नहीं है। ऐसा करने से सेहत को कई गजब के फायदे भी मिलते हैं। सेहत पर हुए कई अध्ययनों की मानें तो कुछ देर फर्श पर बैठने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। फर्श पर बैठने से व्यक्ति के पोश्चर में सुधार होने के साथ बॉडी में लचीलापन आता है। आयुर्वेदिक डॉक्टर वरलक्ष्मी यानामंद्रा ने जमीन पर बैठने के फायदों के बारे में बात की है। उनका कहना है कि मैं आपको पूरी तरह से कुर्सी पर बैठने के लिए मना नहीं कर रही हूं, लेकिन पूरे दिन में कम से कम कुछ मिनट के लिए ही सही व्यक्ति को रोजाना फर्श पर बैठने की आदत जरूर डालनी चाहिए।

रीढ़ की हड्डी रखें स्वस्थ : बहुत कम लोग यह बात जानते हैं कि व्यक्ति की रीढ़ की हड्डी सीधी नहीं होती है। इसकी संरचना एस आकार की होती है। अक्सर लोगों को स्पाइन में दर्द की समस्या रहती है। जो गलत बैठने की वजह से पैदा होती है। ऐसे में रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना कुछ देर फर्श पर बैठने की आदत अपनानी चाहिए। इस बात का खास ख्याल रखें कि गलत आसन, झुकना या आगे की ओर झुककर बैठने और चलने की वजह से स्पाइन पर दबाव पड़ता है।

कोर को बनाए अच्छा : फर्श पर बैठने से व्यक्ति का कोर मजबूत बनता है, जिससे रीढ़ की हड्डी में स्थिरता आने से बैलेंस और स्टेबिलिटी बेहतर होती है।

कूल्हे की मांसपेशियां बनती हैं मजबूत-हिप फ्लेक्सर्स मांसपेशियां व्यक्ति के कूल्हों को जांघ, पीठ के निचले हिस्से (पीठ दर्द के लिए स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज) और पेल्विस से जोड़ने का काम करती हैं। कमजोर हिप फ्लेक्सर आपके चलने, स्थिरता और संतुलन को भी प्रभावित कर सकता है। ऐसे में फर्श पर बैठने से कूल्हे की इन मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।

पोश्चर में होता है सुधार : फर्श पर बैठने से शरीर के निचले हिस्से की मांसपेशियों को अधिक सक्रिय होना पड़ता है। फर्श पर बैठने से व्यक्ति के झुककर बैठने की संभावना भी कम होती है। जिससे उसके पोश्चर में भी सुधार होता है।

लॉन्गेटिविटी होती है बेहतर : प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी जर्नल के अध्ययन के अनुसार, 'बिना सहारे के फर्श से उठने और बैठने' की क्षमता लॉन्गेटिविटी को बेहतर बनाती है।

जमीन पर बैठते समय ना करें ये गलतियां

- फर्श पर बैठते समय कभी भी झुककर न बैठें। अपनी स्पाइन को सीधा करके बैठें।
- फर्श पर देर तक बैठने वाले लोग थोड़ी-थोड़ी देर में अपनी स्थिति बदलने की कोशिश करें। इसके लिए अपने पैरों को स्ट्रेच करें।
- अगर आपको पहले से ही जॉइंट्स जैसी कोई समस्या है तो जमीन पर बैठने से पहले अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

हॉट वॉटर पीने से सेहत को मिलते हैं फायदे गर्मी में अवॉइड करना चाहिए बहुत गर्म पानी

फिटनेस फ्रीक्स और वजन कम करने की कोशिश में लगे लोग अपने दिन की शुरुआत एक गर्म कप पानी के साथ करना पसंद करते हैं। कुछ लोगों के लिए ये सुबह के पहले कामों में से एक हो सकता है। एक कप गर्म पानी को बॉडी डिटॉक्स के लिए अच्छा माना जाता है।

कुछ लोग पूरे दिन गर्म पानी भी पीते हैं। गर्मी में गर्म पानी पीएं या नहीं, ये एक ऐसा सवाल है जिस पर खूब चर्चाएं होती है। कुछ लोग इसे सेफ मानते हैं तो वहीं कुछ लोग इसे नुकसानदायक मानते हैं। जानिए क्या वाकई गर्मियों में बहुत ज्यादा गर्म पानी नुकसानदायक हो सकता है।

क्या गर्मी में पीना चाहिए बहुत ज्यादा गर्म पानी?

बहुत गर्म पानी न पिएं क्योंकि इसका उल्टा असर हो सकता है। गर्म पानी ब्लड फ्लो में सुधार करता है, इसलिए यह दर्द, खासकर मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से राहत दिला सकता है। लेकिन बहुत गर्म पानी न पिएं. क्योंकि इसका असर उल्टा हो सकता है और इससे आपके जोड़ों में सूजन आ जाएगी।

गर्म पानी पीने के फायदे

गर्म पानी गर्मी में पीएं या नहीं, इस सवाल को जानने से पहले इसके कुछ फायदे जरूर जान लें। जैसे-

- गर्म पानी पाचन तंत्र को नियंत्रित करता है और एक्टिव बनाता है। यह ठंडे पानी की तुलना में भोजन को तेजी से तोड़ने में मदद करता है। ये कब्ज के खतरे को कम करता है।
- गर्म पानी पीने से शरीर का तापमान बढ़ जाता है और पसीना आने लगता है। इससे शरीर में मौजूद टॉक्सिन को बाहर निकलने में मदद मिलती है।
- सबसे पहले गर्म पानी पीने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। यह शरीर के मेटाबॉलिज्म में सुधार करता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिल सकती है।
- साइनस पर पड़ने वाले दबाव से राहत पाने के लिए गर्म पानी फायदेमंद साबित हो सकता है। यह साइनस को खोलता है और बलगम को तेजी से बाहर निकालने में मदद करता है।

औषधीय गुणों की खान है ये हरा पेड़ लोहे जैसी मजबूत हो जाएंगी हड्डियां

हमारे आस-पास पाए जाने वाले कई पेड़ पौधे औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। जिनके सेवन से शरीर की कई बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। ऐसा ही एक ही केले का पेड़ है, जिसे औषधीय गुणों का खजाना माना जाता है। जिसके सेवन से शरीर को काफी लाभ मिलता है। आयुर्वेदिक पौधों के एक्सपर्ट प्रो. विजय मलिक ने बताया कि आयुर्वेदिक तौर पर भी केले का पेड़ काफी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। केले के पेड़ पर आने वाला जो फल है उसका उपयोग स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक माना जाता है। क्योंकि, इसमें कैल्शियम का खजाना होता है, जिससे हड्डियों की कमजोरी दूर होती है।

प्रो. विजय मलिक ने बताया कि साउथ के कुछ राज्यों की बात की जाए, तो आज भी लोग केले के पत्ते पर खाना खाते हुए दिखाई देते हैं। क्योंकि, केले के पत्ते में नेचुरल आयरन के रिसोर्सेस पाए जाते हैं। ऐसे में इस पर भोजन करना स्वास्थ्य के लिए काफी बेहतर माना गया है। इसी के साथ-साथ वह कहते हैं कि इसमें विभिन्न प्रकार के औषधीय गुण भी छिपे हुए हैं। उन्होंने कहा इसकी पत्तियों का रस निकालकर अगर आप उपयोग करने लगे तो उसके माध्यम से खांसी, जुकाम दूर करने में मदद मिलती है।

इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि त्वचा से संबंधित किसी भी प्रकार के फंगल या कोई समस्या है, तो वह सभी लोग इसकी पत्तियों का लेप बनाकर लगा सकते हैं। इसकी पत्तियों का लेप भी काफी उपयोगी होता है। प्रोफेसर विजय मलिक ने कहा अगर आप किसी भी प्रकार के कोई भी आयुर्वेदिक पौधे का उपयोग कर रहे हैं, तो आयुर्वेदाचार्य से संपर्क करने के पश्चात ही उपयोग करें। क्योंकि, प्रत्येक पेड़ पौधे का वजन और उम्र के हिसाब से ही मात्रा का सेवन किया जाना चाहिए। यही नहीं, उनका तो यह भी कहना है अगर किसी व्यक्ति को पेड़ पत्तों से एलर्जी हो, तो वह बिल्कुल भी इसका उपयोग न करें।

कार्नर न्यूज

पाचन तंत्र के लिए भी यह जूस होता है काफ़ी फायदेमंद

अमृत से कम नहीं यह जूस, शरीर से निकाल फेंकता है विषैले तत्व

गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है, ऐसे में लोग तरह-तरह के जूस पीते हैं। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसे जूस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिस जूस का सेवन से आपको गर्मी से राहत तो मिलेगी ही, साथ ही पाचन तंत्र के लिए भी यह जूस काफ़ी फायदेमंद होता है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं लौकी के जूस की। लौकी के जूस में विटामिन और मिनरल उच्च मात्रा में पाए जाते हैं। जिससे शरीर स्वस्थ और फिट रहता है और ख़ाली पेट इस जूस के सेवन से आपको अनेक फ़ायदे मिलेंगे। लौकी का जूस सुबह ख़ाली पेट पीने से हमारे शरीर को कई फ़ायदे देता है।

वेट लॉस में मददगार

लौकी के जूस में कैलोरी और फैट कम होता है। जिसकी वजह से परफेक्ट वेट लॉस ड्रिंक है। लौकी में भरपूर मात्रा में फ़ाइबर होता है। जिसकी वजह से आपको काफ़ी समय तक भूख नहीं लगेगी। लौकी के जूस में विटामिन सी, विटामिन बी, विटामिन के, विटामिन ए, आयरन, पोटेशियम और मैंगनीज जैसे विटामिन पाए जाते हैं।

बॉडी रहती है हाइड्रेट

डायटीशियन प्रियंका ने बताया कि लौकी में भरपूर मात्रा में पानी होता है। जिसकी वजह से इसके सेवन से हमारे शरीर में पानी की पूर्ति होती है। ये उन लोगों के लिए बेस्ट है, जो लोग जिम या एक्सरसाइज करते हैं। जिसकी वजह से उन लोगों के शरीर में पानी की कमी नहीं होगी।

शरीर को करता है डिटॉक्स : समय-समय पर अपने शरीर को डिटॉक्स करना बेहद ज़रूरी होता है। ऐसे में हमारी बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए लौकी का जूस काफ़ी फ़ायदेमंद होता है। ख़ाली पेट लौकी के जूस के सेवन से हमारा पाचन तंत्र में भी काफ़ी सुधार आता है। जो शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकाल देता है। इसे पीने से शरीर को ठंडक भी मिलती है।

स्किन और बालों के लिए है फ़ायदेमंद

लौकी का जूस सिर्फ़ हमारी सेहत ही नहीं, बल्कि हमारे बालों और स्किन के लिए भी काफ़ी फ़ायदेमंद होता है। लौकी का जूस प्राकृतिक क्लींजर के रूप में काम करता है और शरीर से टॉक्सिटी को दूर करता है, जिसकी वजह से हमारे बाल और स्किन हेल्दी रहती है।

हार्ट को रखता है स्वस्थ

लगातार लौकी का जूस पीने से जिन लोगों को कोलेस्ट्रॉल की बीमारी है, उनका कोलेस्ट्रॉल लेवल काफ़ी कम हो जाता है। ये जूस आपके ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल में रखता है और इस जूस का सेवन से हृदय रोगों का ख़तरा कम होता है।

फिल्म इवेंट

बालीवुड

'छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान' कल होगी रिलीज

रायपुर के नीरज विक्रम ने लिखी है फिल्म की कहानी

रायपुर। फिल्म 'छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान' 31 मई को रायपुर सहित और पूरे छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ये फिल्म रायपुर के रहने वाले लेखक कैप्टन नीरज विक्रम ने लिखी है। वे एक पूर्व आर्मी ऑफिसर हैं। उन्होंने मोटू पतलू, शिवा, रुद्रा, ओह माय लल्लन, चाचा भतीजा, ईना मीना डिका, छोटा भीम जैसी कई सुपर हिट एनिमेटेड सीरियल लिखे हैं। इसके अलावा सोनपरी, शरारत, शकालाका बूम बूम, ऑल द बेस्ट, करिश्मा का करिश्मा, जैसे तमाम लाइवएक्शन सुपरहिट सीरियल भी उन्होंने लिखे हैं। दादू जी, टिंग टाँग , ओह माय लल्लन और दी पजैसे एनिमेटेड सीरियल प्रोडूस भी किए हैं। नीरज विक्रम ने बताया कि 'छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान' फिल्म भारत में पहली ऐसी फिल्म है जो एनीमेशन सीरियल से लाइव एक्शन फिल्म में बन रही है। छोटा भीम पिछले 16 सालों से एक सुपर हिट एनीमेशन सीरियल है, उसके ही किरदारों को लेकर, एनिमेशन की जगह एक्टर्स को लेकर बनी ये पहली फिल्म है। इस फिल्म को राजीव चिलाका ने प्रोड्यूस और डायरेक्ट किया है। राजीव चिलाका ने जब छोटा भीम सीरियल की लाइव एक्शन मूवी बनाने का विचार किया था तो उन्होने मुझे लिखने के लिए बुलाया। उस समय मैं छोटा भीम सीरियल भी लिख रहा था। ये मेरे लिए एक बड़े चैलेंज की बात थी, क्योंकि एनीमेशन और लाइव एक्शन की राइटिंग में काफी फर्क है। फिल्म की पूरी शूटिंग के दौरान मैं मौजूद रहा, क्योंकि बच्चों के साथ कभी भी डायलॉग चेंज करने की जरूरत पड़ती है।

हालीवुड

मेमोरियल डे भी नहीं बचा पाया फ्यूरियोसा का फ्यूचर

लॉस एंजिलिस। सिनेमाघरों में रिलीज हो रही फिल्मों को लेकर दर्शकों में लगातार बनी हुई अरुचि से हिंदी फिल्म निर्माता ही नहीं, अब हॉलीवुड निर्माता भी परेशान हो चले हैं। ताजा रिलीज अंग्रेजी फिल्म 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' का दुनियाभर में जो हाल हुआ है, उसने इसकी इन्फ्लुएंसर्स आधारित प्रचार रणनीति पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। कहा यही जा रहा है कि फिल्म के प्रचार में इन्फ्लुएंसर्स का जरूरत से ज्यादा प्रयोग सिनेमा के ब्रांड को कमजोर कर रहा है और आम दर्शकों में इससे संदेश ये भी जा रहा है कि अमुक फिल्म एक खास दर्शक वर्ग के लिए ही बनी हैं। करीब 1400 करोड़ रुपए की लागत से बनी 'मैड मैक्स' फ्रेंचाइजी की नई फिल्म 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' ने अमेरिका के फिल्म निर्माताओं को हिलाकर रख दिया है। अमेरिकी सेना के शहीदों की याद में मई के आखिरी सोमवार को मनाया जाने वाले दिन 'मेमोरियल डे' कहलाता है और इसके ठीक पहले के सप्ताहांत में रिलीज होने वाली फिल्मों को लेकर काफी पहले से तैयारी शुरू हो जाती है। इसी समय को लक्ष्य में रखकर रिलीज हुई 'फ्यूरियोसा' का जो कलेक्शन बीते सप्ताहांत रहा है, वह बीते तीन दशकों का इस सप्ताहांत रिलीज हुई फिल्मों में सबसे कम बताया जा रहा है।'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' का सोमवार तक का कुल घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन करीब 3.3 करोड़ डॉलर यानी करीब 275 करोड़ रुपए ही हो पाया है।

टालीवुड

अजित कुमार की फिल्म 'गुड बैड अगली' ने की रिकॉर्ड ब्रेकिंग डील

साउथ के स्टार अजित कुमार के फैंस उनकी फिल्मों के लिए पागल रहते हैं। अजीत की अगली फिल्म गुड बैड अगली उनके करियर की 63वीं फिल्म होने वाली है। अधिक रविचंद्रन द्वारा निर्देशित यह फिल्म साउथ में चर्चा का विषय है। गुड बैड अगली को रिलीज होने में अभी काफी लंबा वक्त है, लेकिन इससे पहले इसके ओटीटी राइट्स बिक चुके हैं। जिससे मेकर्स को करोड़ों का प्रॉफिट हुआ है। गुड बैड अगली की बात करें तो इसकी शूटिंग की शुरुआत साल के शुरू में हुई थी। इस फिल्म में अजित कुमार एक ऐसे किरदार में नजर आएंगे, जिसे दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा हो गया। हालांकि यह फिल्म अगले साल पोंगल के मौके पर रिलीज होगी लेकिन इससे पहले फिल्म के ओटीटी राइट्स बिक चुके हैं। फिल्मी बीट के अनुसार नेटफ्लिक्स ने इस फिल्म के डिजिटल राइट्स हासिल किए हैं। मेकर्स और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बीच यह सौदा 95 करोड़ रुपए में हुआ है। यह अजित के करियर की सबसे बड़ी ओटीटी डील है। अजित के अलावा इस फिल्म में और कौन-कौन से कलाकार नजर आने वाले अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, 19 मई को मेकर्स ने इस फिल्म का पोस्टर रिवील किया था। पोस्टर में वह एकदम अगल अंदाज में हरे रंग की शर्ट में दिख रहे थे। उनके हाथों पर टैटू बने हुए थे. आंखों पर चश्मा, उंगलियों में अंगूठी पहने वह कूल लुक में दिखे थे।

अलाया एफ का अंदाज है सबसे जुदा

लाइफ स्टाइल

मुंबई। खूबसूरत और स्टाइलिश अलाया एफ ने हाल ही में अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं जिनमें उनका लुक और स्वैग दोनों देखने लायक हैं। अलाया एफ बॉस लेडी लुक में बेहद गॉर्जियस लग रहीं हैं, जिन्हें देख फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में अलाया एफ ऑल ब्लैक लुक में एक चेयर पर बैठ पोज देती दिखाई दे रहीं हैं। इससे पहले अलाया एफ कुछ अन्य अंदाज में फैंस की हार्ट बीट बढ़ाती नजर आईं थीं। सोशल मीडिया पर अलाया एफ कभी अपने ट्रेडिशनल लुक, कभी ग्लैमरस अंदाज तो कभी बोल्ड अवतार में धमाल मचाती नजर आती हैं। भले ही अब तक अलाया एफ कम ही फिल्मों में नजर आईं हों, लेकिन सोशल मीडिया पर उनका जलवा कायम है।

दांतों की चमक से खिल उठेगी मुस्कान एक बार अपनाकर देखें ये तरीके

सबकी चाहत होती है कि उसके दांत मजबूत, चमकदार और लंबी उम्र तक साथ निभाएं। इसके लिए आपको ध्यान रखनी होंगी कुछ बातें और अपनानी होगी एक अच्छी डाइट। चेहरे को खूबसूरत बनाने में आपकी हंसी अहम भूमिका निभाती है।

जिसमें चार चांद लगाते हैं, दांत। मगर इसकी साफ-सफाई पर हम कम ही ध्यान देते हैं और इनका ख्याल रखने में लापरवाही बरतते हैं, जिसकी वजह से कम उम्र में ही दांत अपनी मजबूती और चमक खो देते हैं और हमारा लंबा साथ नहीं निभा पाते। लेकिन अगर आप लंबी उम्र तक अपने दांतों को मजबूत, चमकदार और स्वस्थ रखना चाहती हैं तो इनकी साफ-सफाई के साथ ही आपको हेल्दी डाइट भी लेनी होगी।

साफ-सफाई

दांतों की मजबूती के लिए आपको दिन में दो बार इनकी सफाई जरूर करनी चाहिए। इसके लिए सुबह उठते ही और रात को सोने से पहले ब्रश करें। रात में ज्यादातर लोग ब्रश नहीं करते हैं। जिस वजह से दांतों में फंसे खाने के कणों में कीटाणु पनपने लगते हैं और दांतों में सड़न पैदा हो जाती है। इसलिए दोनों समय ब्रश करें और हर ब्रश टाइम को लगभग दो मिनट जरूर दें। इसके अलावा अपनी जीभ को भी साफ करें, क्योंकि जीभ पर भी बैक्टीरिया जमा होते। इसकी सफाई से दांत भी स्वस्थ रहते हैं और सांसों से भी बदबू नहीं आती है।

टूथब्रश पर दें ध्यान

डॉक्टरों के अनुसार आपको एक मुलायम टूथब्रश का ही इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही इसे हर तीन महीने या खराब हो जाने पर बदल लेना चाहिए। आपको इस्तेमाल के बाद ब्रश को अच्छी तरह से धोकर रखना चाहिए। साथ ही आप उसे कवर करके रखें, ताकि उस पर कोई गंदगी न जमे।

आप जब हंसे तो जमाना देखे

दांतों और मसूड़ों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, एक हेल्दी डाइट लेना। इसलिए फल और सब्जियों का सेवन करें। फल और सब्जियां खाने से दांतों को जरूरी पोषक तत्व मिल जाते हैं। वहीं अगर आप खाने में विटामिन-सी लेती हैं तो आप दांतों में होने वाली समस्याओं से बच सकती हैं। आप अपने खाने में मीठे की मात्रा कम करें, क्योंकि ज्यादा मीठा दांतों के लिए स्वास्थ्यकर नहीं होता है। मीठे से दांतों में सड़न पैदा होती है और कीटाणु पनपने लगते हैं। आइसक्रीम भी दांतों के लिए नुकसानदायक होती है, इसलिए इस मौसम में भी इसका सेवन कम ही करें।

गर्मियों में खूब जचती है शिफॉन की साड़ी

फैशन

गर्मी के मौसम में बड़ों से लेकर बच्चों तक का कोई परेशान रहता है। इस भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग हल्के कपड़े पहनना पसंद करते हैं। लड़कों के लिए तो हल्के कपड़ों का सबसे सही विकल्प होता है टी-शर्ट और शॉर्ट्स लेकिन महिलाओं और लड़कियों के लिए यह काफी समस्या का विषय है। गर्मी के मौसम में खासतौर पर परेशानी उन महिलाओं के सामने आती है, जिनके लिए साड़ी पहनना अनिवार्य होता है। इसके अलावा बहुत सी महिलाएं ऑफिस में भी साड़ी पहन कर जाना पसंद करती हैं। ऐसे में आप चाहे तो शिफॉन की साड़ी गर्मी में पहन सकती हैं। यह साड़ी काफी हल्की होती है और इसे कैरी करना भी आसान होता है।

अगर शिफॉन की साड़ी पहनकर आप कहीं जाएंगी तो आपका लुक भी अलग दिखेगा। कई अभिनेत्री के पास शिफॉन की साड़ी का बेहद खूबसूरत कलेक्शन है। तो चलिए आपको भी उनका कलेक्शन दिखाते हैं।

आलिया भट्ट : आलिया भट्ट ने एक प्रमोशन के दौरान खूबसूरत से खूबसूरत शिफॉन की साड़ियां पहनी थीं। उन्हीं में ये गुलाबी साड़ी में शामिल है। ये शिफॉन की साड़ी देखने में बेहद खूबसूरत लग रही है। आप भी चाहें तो आलिया के कलेक्शन पर एक नजर डाल सकती हैं।

अदिति राव हैदरी : अपने रॉयल लुक की वजह से सुर्खियों में रहने वाली अभिनेत्री अदिति राव हैदरी का साड़ी लुक बेहद खूबसूरत है। ये ऑरेंज रंग की साड़ी देखने में कमाल की लग रही है। इसके साथ आप भी अलग रंग का ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

कटरीना कैफ : कटरीना कैफ अक्सर साड़ी में अपनी तस्वीरें साझा करती रहती हैं। उनके पास साड़ियों का बेहद शानदार कलेक्शन है। ऐसे में आप भी चाहें तो उनके जैसी गुलाबी शिफॉन की साड़ी खरीद सकती हैं। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगी।

रवीना टंडन : अगर आप शिफॉन फैब्रिक में अलग ढंग की साड़ी पहनना चाहती हैं तो रवीना टंडन के जैसी फ्रिल वाली साड़ी एक बेहतरीन विकल्प है। ये देखने में कमाल की लग रही है। इसके साथ एक्ट्रेस ने फुल स्लीव का ब्लाउज कैरी किया है।

शादी में बचे हैं कुछ दिन तो ऐसे रखें त्वचा का ध्यान, खास दिन पर निखर उठेगा चेहरा

लड़कियां चाहे कितना भी स्किन केयर से दूर रह लें, लेकिन जब उनकी शादी तय होती है तो हर लड़की इस कोशिश में लग जाती है कि उनका चेहरा शादी से दिन खिला-खिला रहे। इसके लिए वो बालों से लेकर पैरों की उंगलियों तक का खास ध्यान रखती हैं। इस दौरान वो तमाम तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेती हैं, ताकि शादी से दिन लोगों की नजर उनपर से हट ना पाए लेकिन कई बार बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और काम के बोझ की वजह से इन ट्रीटमेंट का अच्छा असर चेहरे पर नहीं होता है।

ऐसे में हर होने वाली दुल्हन को स्किन केयर ट्रीटमेंट लेने के साथ-साथ घर पर ही एक सिंपल का स्किन केयर रूटीन भी फॉलो जरूर करना चाहिए। अगर आपकी शादी कुछ ही दिनों में होने वाली है, तब तो स्किन केयर रुटीन फॉलो करना आपके लिए बेहद जरूरी होता है ताकि शादी से दिन किसी की नजरें आप पर से हटें ही नहीं।



गुलाब जल का करें इस्तेमाल

गुलाब जल में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को गुलाबी निखार देते हैं। ऐसे में अपनी शादी से पहले त्वचा पर इसका इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से त्वचा हाइड्रेट भी रहती है।

हर रोज करें क्लींजर का इस्तेमाल

चेहरे से गंदगी को साफ करने के लिए क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। केमिकल मुक्त क्लींजर के इस्तेमाल से आपकी त्वचा गहराई से ना सिर्फ साफ होगी, बल्कि साथ ही में इससे चेहरे के पोर्स भी खुल जाएंगे।

चेहरे पर लगाएं ये क्रीम

विटामिन ई फेस क्रीम के इस्तेमाल से चेहरे की कई परेशानियां दूर होंगी। ये आपके चेहरे को नरिश करने का काम भी काफी अच्छे से करती है।

गर्मी-धूप से काला हो गया चेहरा तो लगाएं खरबूजे का फेसपैक

गर्मियों के फल त्वचा के साथ-साथ शरीर को भी तरोताजा कर देते हैं। ये पूरी तरह पानी से भरे हुए होते हैं, जो हमारे शरीर में होने वाली पानी की कमी को पूरा करने के लिए कारगर साबित हो सकते हैं। इनमें से एक है खरबूजा। इनमें मौजूद विटामिन ए, बी और सी हमारी त्वचा को स्वस्थ, युवा और मुलायम बनाए रखते हैं।

त्वचा को प्रदान करता है नमी : खरबूजा त्वचा की सुस्ती और शुष्कता को दूर करता है। यह त्वचा को हाइड्रेट करता है, क्योंकि इसमें पानी की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा यह त्वचा की उम्र बढ़ने से रोकता है। खरबूजा झुर्रियां, काले धब्बे, काले घेरे को दूर करता है। इनमें फोलिक एसिड होता है जो त्वचा कोशिकाओं को पुनर्जीवित करता है और त्वचा को स्वस्थ और यंग रखता है। इनमें मौजूद विटामिन ए और सी कोलेजन उत्पादन को बढ़ाते हैं। इससे त्वचा में चमक बनी रहती है।

क्लींजर के रूप में यूज करें खरबूजा : खरबूजा के टुकड़े लें और इससे पूरे चेहरे और गर्दन पर मालिश करें। फिर इसे 15-20 मिनट तक रखें और सूखने के बाद अपना चेहरा धो लें। यह आपके चेहरे से गंदगी हटा देगा। इससे आपका चेहरा फ्रेश फील करेगा।

ऐसे बनाएं फेस पैक : खरबूजा लें और उसे मैश कर लें। फिर इनमें कॉफी पाउडर डालकर अच्छे से मिलाएं और चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करें। पहले चेहरे और गर्दन को धीरे-धीरे रगड़ें। इसे कुछ मिनट तक लगा रहने दें और फिर जब यह सूख जाए तो अपने चेहरे पर पानी लगाकर दोबारा स्क्रब करें और धो लें। यह उन लोगों के लिए एक अच्छा स्क्रब है जिनकी त्वचा स्क्रब करने से खराब हो गई है।

कार्नर न्यूज

गलत जीवनशैली के कारण लोगों के बाल तेजी से लगते हैं झड़ने

30 की उम्र में ही हो रहे हैं बाल सफेद तो करें इन योगासनों का अभ्यास, जल्द दिखेगा असर

खूबसूरती और आकर्षक लुक के लिए सिर पर बाल होना अहम होता है। लड़के हो या लड़कियां, सभी घने और सुंदर बाल चाहते हैं। बाल व्यक्ति के लुक को आकर्षक और प्रभावी बनाता है। लेकिन मौसम, प्रदूषण, पौष्टिक आहार की कमी और गलत जीवनशैली के कारण बालों पर दुष्प्रभाव पड़ता है। उम्र से पहले ही लोगों को बाल तेजी से झड़ने लगते हैं। बाल झड़ने के अलावा बालों की ग्रोथ रुक जाती हैं। कुछ लोगों में उम्र से पहले बाल सफेद होने की शिकायत भी होने लगती है। ऐसे में अक्सर लोग काले, घने बालों के लिए और हेयर फॉल रोकने के लिए कई तरह के हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। इन कैमिकल युक्त उत्पादों के कई साइड इफेक्ट भी हो सकते हैं। ऐसे में घने, काले और बालों की अच्छी ग्रोथ के लिए योगासनों का अभ्यास भी असरदार है। योगासन करने से बालों की सेहत पर लाभकारी असर देखने को मिलता है।



शीर्षासन

इस आसन को करने से सिर की ओर रक्त प्रवाह बेहतर तरीके से होता है। शीर्षासन के अभ्यास से तनाव दूर होता है और बालों की ग्रोथ अच्छी होती है। जिन लोगों के बाल झड़ रहे हैं, या उम्र से पहले सफेद हो रहे हैं, उन्हें शीर्षासन का अभ्यास करना चाहिए। शीर्षासन करने के लिए दोनों हाथों को सिर के पीछे ले जाकर नीचे झुकते हुए सिर को नीचे की ओर रखें। शरीर का संतुलन बनाते हुए अपने पैरों को ऊपर ले जाएं और सिर के बल खड़े रहते हुए संतुलन बनाए रखें।

बालासन

तनाव या पेट की समस्या के कारण बाल झड़ने लगते हैं। बालासन के अभ्यास से पेट संबंधी समस्याओं और तनाव से राहत मिलती है। बालों की ग्रोथ और घने करने के लिए बालासन फायदेमंद हो सकता है। बालासन करने के लिए घुटनों को मोड़कर वज्रासन की अवस्था में बैठ जाएं। हाथों को ऊपर करते हुए गहरी सांस लें, फिर सांस छोड़ते हुए शरीर को आगे की ओर झुकाएं और सिर जमीन पर रखकर पेट जांघों पर रखें।

त्रिकोणासन

रूखे और सफेद बालों से छुटकारा पाने के लिए त्रिकोणासन का अभ्यास करें। दोनों पैरों को कुछ दूरी पर रखकर खड़े हो जाएं और हाथ व कंधों को सीध पर रखते हुए ऊपर उठाएं। अब दाहिने हाथ से पैर को छुएं। इस प्रक्रिया को दूसरी ओर से भी दोहराएं।



भुजंगासन

बाल अधिक झड़ रहे हैं, सफेद हो रहे हैं तो भुजंगासन का अभ्यास लाभकारी है। भुजंगासन करने के लिए पेट के बल लेटकर पैरों को आपस में मिलाएं और हथेलियों को सीने के पास कंधों की सीध पर रखें और माथे को जमीन पर टिकाएं। गहरी सांस लेते हुए शरीर के आगे के हिस्से को ऊपर उठाएं और हाथों को सीधा रखते हुए इसी मुद्रा में कुछ सेकंड रहें।